NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
# विजडम इंडिया
निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति
लखनऊ से प्रकाशित

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

वर्षः 13 अंकः 220 लखनऊ, शनिवार 23 मार्च 2024 मूल्यः 02 रुपये पृष्ठ- 08

## भाजपा चुनाव समिति की बैठक कल, तय होंगे यूपी की 24 सीटों पर प्रत्याशी, इन पर लटकी तलवार



संवाददाता।
लखनऊ भाजपा के केन्द्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की शनिवार को दिल्ली में बैठक होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में होने वाली सीईसी की बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह के अलावा यूपी के मुख्यमंत्री मंत्री योगी आदित्यानाथ, दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, महामंत्री संगठन धर्मपाल, भी मौजूद रहेंगे। सूत्रों का कहना है कि सीईसी की बैठक के बाद यूपी के शेष 24 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों की सूची जारी की जाएगी। साथ ही सहयोगी दलों के कोटे की सीटे भी तय हो जाएंगी। बता दें कि भाजपा ने अब तक यूपी में लोकसभा के 51 उम्मीदवारों की सूची जारी कर चुकी है। दो सीटें रालोद और एक सीट सुभासपा को दी गई है। जबकि दो सीट अपना दल (एस) को दी जानी है। ऐसे में भाजपा के कोटे की शेष बची 24 सीटों पर उम्मीदवार तय होना है। इसके लिए 18 मार्च को दिल्ली में भाजपा कोर कमेटी की बैठक हुई थी, जिसमें यूपी लोकसभा के प्रत्याशियों के नाम पर मंथन हो चुका है। अब इस पर सीईसी की बैठक में मुहर लगनी है। इसके बाद सूची जारी कर दी जाएगी। सूत्रों के मुताबिक कोर कमेटी की बैठक में बाराबंकी सीट पर उम्मीदवार बदलने के साथ ही कई अन्य सीटों पर नए चेहरे उतारे जा सकते हैं। सबसे बड़ा पेंच पीलीभीत से सांसद वरुण गांधी और सुल्तानपुर सीट की सांसद मेनका गांधी के टिकट को लेकर फंसा है। इनके अलावा बरेली, रायबरेली, मेरठ, कैसरगंज, गाजियाबाद, प्रयागराज, बलिया, कानपुर, मैनपुरी, सहारनपुर और देवरिया सीटों पर बदलाव देखने को मिल सकता है।

## 6 दिन की ईडी रिमांड पर भेजे गए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, कोर्ट ने सुनाया फैसला

एजेंसी।
नई दिल्ली प्रवर्तन निदेशालय ने निचली अदालत में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की 10 दिन की रिमांड की मांग की थी। अरविंद केजरीवाल की तरफ से कोर्ट में वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी पेश हुए। दोनों पक्षों को सुनने के बाद राउथ एवेन्यू कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 6 दिन की म्क रिमांड पर भेजा गया है। गुरुवार को दिल्ली शराब घोटाला मामले में केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया था।इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू अदालत में पेश किया था। प्रवर्तन निदेशालय ने निचली अदालत में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की 10 दिन की रिमांड की मांग की थी। अरविंद केजरीवाल की तरफ से कोर्ट में वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी पेश हुए। दोनों पक्षों को सुनने के बाद राउथ एवेन्यू कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। ईडी ने उनकी हिरासत का अनुरोध ा करते हुए अदालत से कहा कि अरविंद केजरीवाल आम आदमी पार्टी के अन्य मंत्रियों और नेताओं के साथ शराब घोटाले में मुख्य साजिशकर्ता थे। अरविंद केजरीवाल ने 'साउथ ग्रुप' और शराब घोटाले के आरोपियों के बीच बिचौलिए की भूमिका निभाई। ईडी ने कोर्ट को बताया कि अरविंद केजरीवाल को दिल्ली आबकारी नीति तैयार करने, लागू करने के लिए 'साउथ ग्रुप' से रिश्वत के



रूप में कई करोड़ रुपये मिले। अरविंद केजरीवाल ने पंजाब चुनाव के लिए 'साउथ ग्रुप' से कुछ आरोपियों से 100 करोड़ रुपये की मांग की थी। आम आदमी पार्टी एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक 'कंपनी' है, इसलिए 'कंपनी' के संचालन के लिए जिम्मेदार प्रत्येक व्यक्ति को जवाबदेह ठहराया जाएगा। मुख्यमंत्री केजरीवाल के वकील ने आबकारी नीति मामले में अदालत से कहा कि पैसे के लेन-देन की कड़ियां जोड़ने के वास्ते आगे की जांच किए जाने को गिरफ्तारी के लिए आधार नहीं बनाया जा सकता। वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने अदालत से कहा कि भारत के इतिहास में यह पहली बार है कि एक मौजूदा मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी की शक्ति, गिरफ्तारी की आवश्यकता के समतुल्य नहीं है, इस व्यक्ति (अरविंद केजरीवाल)

## होली 2024 भारतीय रेलवे ने चलाईं 1098 विशेष ट्रेनें, पिछले वर्ष की तुलना में 52 प्रतिशत अधिक

एजेंसी।
नई दिल्ली रेलवे के बयान में कहा गया कि दिल्ली-पटना, दिल्ली-भागलपुर, दिल्ली-मुजफ्फरपुर, दिल्ली-सहरसा, गोरखपुर-मुंबई, कोलकाता-पुरी, गुवाहाटी-रांची, नयी दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटरा, जयपुर-बांद्रा टर्मिनल, पुणे-दानापुर, दुर्ग-पटना, बरौनी-सूरत आदि जैसे रेलवे मार्गों पर देश भर के प्रमुख स्थलों को जोड़ने के लिए ट्रेनों के संचालन की योजना बनाई गई है। भारतीय



रेलवे ने शुक्रवार को कहा कि वह होली के त्योहारी सीजन के दौरान निर्बाध यात्रा के लिए यात्रियों की बढ़ती संख्या को समायोजित करने के लिए 1098 विशेष ट्रेनें चलाएगा। पिछले साल होली के त्योहार के लिए भारतीय रेलवे द्वारा 720 विशेष ट्रेनें चलाई गई थीं, जिससे इस साल ट्रेनों की संख्या में 52 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। त्योहारी सीजन के दौरान यात्रा करने वाले यात्रियों की आखिरी मिनट की भीड़ को पूरा करने के लिए मुंबई, सूरत, अहमदाबाद, दिल्ली, पटना जैसे प्रमुख शहरों से अतिरिक्त 11 अनारक्षित ट्रेनों की योजना बनाई जा रही है। इस बीच, देश के विभिन्न हिस्सों मुख्य रूप से यूपी, बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड, दिल्ली, मध्य प्रदेश सहित अन्य हिस्सों में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रतिदिन औसतन 1400 नियमित ट्रेनें चलाई जा रही हैं। त्योहारी यात्रियों की सुचारू आवाजाही के लिए रेलवे लगभग 30 लाख यात्रियों की अतिरिक्त क्षमता को समायोजित करने की भी योजना बना रहा है। इस बीच, भीड़ को नियंत्रित करने और चौबीसों घंटे निगरानी प्रदान करने के लिए विभिन्न स्थानों पर अतिरिक्त सुरक्षा भी तैनात की जाएगी। इस साल रंगों का त्योहार 25 मार्च (सोमवार) को है। त्योहारी अवधि ा के दौरान भारी भीड़ होने की उम्मीद है। आम तौर पर जनता की आवाजाही होली से 4 दिन पहले शुरू हो जाती है और त्योहार के 4-5 दिन बाद तक चलती है। भारतीय रेलवे हर साल अपेक्षित भीड़ को कम करने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से होली विशेष ट्रेनों की योजना बना रहा है। रेलवे के बयान में कहा गया कि दिल्ली-पटना, दिल्ली-भागलपुर, दिल्ली-मुजफ्फरपुर, दिल्ली-सहरसा, गोरखपुर-मुंबई, कोलकाता-पुरी, गुवाहाटी-रांची, नयी दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटरा, जयपुर-बांद्रा टर्मिनल, पुणे-दानापुर, दुर्ग-पटना, बरौनी-सूरत आदि जैसे रेलवे मार्गों पर देश भर के प्रमुख स्थलों को जोड़ने के लिए ट्रेनों के संचालन की योजना बनाई गई है। भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त आरपीएफ कर्मियों को भी तैनात किया है।

## राहुल गांधी का बड़ा दावा, देश में भागीदारी सबसे बड़ा मुद्दा, जातिगत जनगणना और आर्थिक सर्वे होगा क्रांतिकारी कदम

राहुल ने कहा कि यात्रा में हमने सामाजिक न्याय की बात की थी और उसका अगला क्रांतिकारी कदम जातिगत जनगणना और आर्थिक सर्वे है। इससे ये पता चल जाएगा कि देश की 90: आबादी की देश में क्या भागीदारी है। मैं सभी का स्वागत करता हूं और आप सभी को दिल से धन्यवाद देता हूं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान हमने सामाजिक न्याय के बारे में बात की और इसका अगला क्रांतिकारी कदम जाति जनगणना, आर्थिक सर्वेक्षण, संस्थानों का सर्वेक्षण और देश की प्रणालियों और संस्थानों में भारत की 90: आबादी की भागीदारी के स्तर का पता लगाना है। उन्होंने कहा कि हमने तय किया है कि हम ये क्रांतिकारी काम करने जा रहे हैं और ये बात हमने अपने घोषणापत्र में कही है। उन्होंने कहा कि देश में भागीदारी सबसे बड़ा मुद्दा है।ाहुल ने कहा कि यात्रा में हमने सामाजिक न्याय की बात की थी और उसका अगला क्रांतिकारी कदम जातिगत जनगणना और आर्थिक सर्वे है। इससे ये पता चल जाएगा कि देश की 90: आबादी की देश में क्या भागीदारी है। मैं सभी का स्वागत करता हूं और आप सभी को दिल से धन्यवाद देता हूं। मैं खुश हूं कि हम सब एकसाथ ये लड़ाई लड़ने जा रहे हैं। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि राहुल गांधी जी की श्भारत जोड़ो यात्राश और श्भारत जोड़ो न्याय यात्राश को देखकर और उनके विचारों से प्रेरित होकर राजकुमार सैनी जी ने तय किया कि वह कांग्रेस पार्टी का साथ देंगे।

## जेल में बंद आजम खान से मिले अखिलेश यादव, रामपुर सीट को लेकर हुई चर्चा, भाजपा पर साधा निशाना

संवाददाता।
लखनऊ सूत्रों के मुताबिक, कहा जा रहा है कि अखिलेश यादव ने आजम खान के साथ रामपुर लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवार की पसंद पर चर्चा की है, जिसे आजम खान का गढ़ माना जाता है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश की सीतापुर जेल में बंद पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान से मुलाकात की। उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री आजम खान फर्जी जन्म प्रमाण पत्र के साथ कई मामले में जेल में हैं। सूत्रों के मुताबिक, कहा जा रहा है कि अखिलेश यादव ने आजम खान के साथ रामपुर लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवार की पसंद पर चर्चा की है, जिसे आजम खान का गढ़ माना जाता है। सपा प्रमुख



के साथ राष्ट्रीय सचिव अनूप गुप्ता और पार्टी प्रवक्ता आनंद भदौरिया सहित पार्टी के अन्य नेता भी थे। अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी सरकार पार्टी के आजम खान और उनके परिवार के साथ अन्याय कर रही है। सीतापुर जिला जेल में खान से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, यह पूरी तरह से अमानवीय है लेकिन हमें पूरी उम्मीद है कि आजम खान को न्याय जरूर मिलेगा। समय बदल जायेगा। समय सदैव बहुत शक्तिशाली होता है। आजम खान को न्याय मिलेगा।श्श उन्होंने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा, बीजेपी ने आजम खान के खिलाफ झूठे मामलों का रिकॉर्ड बनाया है लेकिन अंत में हमेशा सच्चाई की जीत होती है। भाजपा को उसके श्भ्रष्ट आचरणश पर आड़े हाथों लेते हुए यादव ने कहा, भाजपा की सच्चाई चुनावी बांड के माध्यम से सामने आ गई है। उन्होंने कहा कि अब पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) ही एनडीए को हराएंगे। जनता मतदान की तारीखों का इंतजार कर रही है। भाजपा सरकार मुख्यमंत्रियों को जेल भेज रही है लेकिन चुनावी बांड से उनकी सच्चाई सामने आ गई है। अखिलेश यादव ने भ्रष्टाचार के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनावी बॉण्ड को लेकर हुए खुलासे से घबराई भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि भाजपा चाहे जितने नेताओं को जेल भेज दे, लेकिन जनता को जेल नहीं भेज सकती जो आगामी लोकसभा चुनाव में उसे सबक सिखायेगी।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में 26 मार्च को पीएम आवास का घेराव करेगी होली होली नहीं खेलेंगे कार्यकर्ता

एजेंसी। दिल्ली गोपाल राय ने कहा कि 25 मार्च को हम लोगों के पास जाएंगे और उन्हें बताएंगे कि देश में क्या हो रहा है... दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में 26 मार्च को पूरी दिल्ली पीएम आवास का घेराव करेगी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ विरोध दर्ज कराने के लिए आम आदमी पार्टी 26 मार्च को प्रधानमंत्री आवास का घेराव करेगी। इस बात की जानकारी



पार्टी नेता गोपाल राय ने दी। उन्होंने कहा कि इस साल होली का कार्यक्रम नहीं होगा, बल्कि हम लोगों के पास जाएंगे और उन्हें बताएंगे कि देश में क्या हो रहा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि दिल्ली के मंत्री, आप विधायक, पार्षद शनिवार को शहीदी पार्क में देश की रक्षा का संकल्प लेंगे। उन्होंने बताया कि आज इंडिया गठबंधन के नेताओं ने चुनाव आयोग से मुलाकात की है...और इस (अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी) पर कार्रवाई का अनुरोध किया है। गोपाल राय ने कहा कि 25 मार्च को हम लोगों के पास जाएंगे और उन्हें बताएंगे कि देश में क्या हो रहा है... दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में 26 मार्च को पूरी दिल्ली पीएम आवास का घेराव करेगी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने शुक्रवार को पति की गिरफ्तारी पर अपनी पहली प्रतिक्रिया में प्रधानमंत्री की आलोचना करते हुए कहा कि मोदीजी ने सत्ता के अहंकार में तीन बार निर्वाचित सीएम को गिरफ्तार करवाया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सुनीता केजरीवाल ने लिखा कि पीएम मोदी ने सत्ता के अहंकार में तीन बार के निर्वाचित मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करवा दिया.।




## व्यापार मंडल की ईमानदार टीम बनायें बंसल

लखनऊ (आरएनएस)। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रमुख पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र वितरित करते हुए संगठन अध्यक्ष संदीप बंसल ने कहा कि सभी पदाधिकारी अलग-अलग बाने और अलग-अलग क्षेत्र के हों। स्पष्ट निर्देशित किया कि भले ही पदाधिकारी की संख्या कम रहे लेकिन पदाधिकारी ईमानदार होना चाहिए। आगे कहा कि लखनऊ महानगर की टीम को पूरे देश के लिए एक मिसाल प्रस्तुत करनी चाहिए ताकि व्यापारी वर्ग को जिसे वास्तविक सम्मान की प्रति होनी चाहिए वह होना शुरू हो व्यापारी प्रतिनिधियों के आचरण से व्यापारी का सम्मान बढ़ाना चाहिए घटना नहीं। दारूल शफा स्थित पार्टी कार्यालय पर शुक्रवार को श्री बंसल ने लखनऊ महानगर के अध्यक्ष पद पर चिकन व्यवसाय एवं अमीनाबाद परिक्षेत्र का नेतृत्व कर रहे सुरेश छाबलानी को मनोनयन पत्र दिया। लखनऊ संसदीय क्षेत्र से पांच विधानसभाओं से पांच महामंत्रियों का चुनाव किया गया जिसमें लखनऊ मध्य क्षेत्र से प्रिंटिंग व्यवसाय से अनुज गौतम पूर्वी से साइकिल, जिम से राजीव अरोड़ा उत्तर क्षेत्र से कपड़ा व्यवसाय से राजीव कक्कड़, पश्चिम से आयुर्वेदिक जड़ी बूटी से दीपेश गुप्ता, एवं कैंट विधानसभा से जूता व्यवसाय से जुड़े प्रमुख व्यापारी हरीश मलानी को महामंत्री बनाया गया। कोषाध्यक्ष के पद पर राममोहन अग्रवाल को मनोनयन पत्र दिया गया।

## आपसी भाईचारे के साथ मनाएं पर्व वीरेन्द्र

मलिहाबाद, लखनऊ (आरएनएस)। थाना परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक को सम्बोधित करते हुए उक्त बातें एसीपी वीरेन्द्र विक्रम ने कहीं। उन्होंने कहा कि आगामी होने वाले होली व ईद के पर्व को सभी लोग आपसी सौहार्द के साथ मनाएं। मलिहाबाद का नाम देश ही नहीं विदेशों में भी आम की मिठास के लिये प्रसिध्द है। यहां की गंगा जमुनी तहजीब हमेशा कायम रही है। इसी को कायम रखते हुए इस बार भी त्योहार मनाएं। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने क्षेत्र के आये संभ्रांत लोगों से अपील की कि कहीं भी कोई अप्रिय घटना न घटित हो। साथ ही अगर कहीं भी कोई उपद्रव करता है तो तत्काल उसकी सूचना पुलिस को दें। जिससे उसके विरुध कार्यवाई की जा सकें। इस अवसर पर थाने का स्टाफ सहित क्षेत्र के प्रधान, बीडीसी सदस्य सहित संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

## हज यात्री 28 तक जमा कर सकेंगे दूसरी किश्त

लखनऊ (आरएनएस)। हज कमेटी आफ इण्डिया ने हज यात्रीयों के सरकुलर -16 जारी कर दिया है।इसके तहत इस वर्ष हज के चयनित हज यात्री जो अपनी द्वितीय किस्त रु 1,70,000 जमा नहीं कर सके हैं। अब वह 28 मार्च तक दूसरी किश्त जमा कर सकते है। पहले किश्त जमा करने कि अंतिम तारीख 18मार्च थी। जो लोग कार्यालय आने में असमर्थ है वह घर बैठे ही ऑनलाइन वेबसाइट https://hajcommittee-gov-in पर क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग यू०पी०आई के माध्यम से दूसरी किश्त हज कमेटी आफ इण्डिया के स्टेट बैंक आफ इण्डिया व यूनियन बैंक आफ इण्डिया के खाते में भी जमा कर सकते हैं। जिसमें प्रत्येक कवर को जारी बैंक रेफरेंस नम्बर अंकित करना होगा। यह जानकारी शुक्रवार को उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के सचिव कार्यपालक अधिकारी, एसपीतिवारी ने दी। उन्होंने बताया कि अन्तिम तिथि तक धनराशि जमा न करने की स्थिति में ऐसे हज-2024 के चयनित हज यात्रियों का चयन निरस्त कर दिया जायेगा

## केजीएमयू में तीन और कर्मचारियों पर हुई कार्रवाई

लखनऊ (आरएनएस)। केजीएमयू हाथ कटे मामले में कार्रवाई थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्र वार को संस्थान प्रशासन ने तीन कर्मचारियों पर कार्रवाई करके हीलाहवाली बर्दाश्त न करने के लिए साबित कर दिया है। जिसमें नर्सिंग स्टॉफ,वार्ड ब्वाय और बीएमडब्ल्यू एजेंसी की सुपरवाइजर की सेवा समाप्त करने के निर्देश जारी कर दिये हैं। बता दें कि नर्सिंग स्टाफ और वार्ड ब्वाय का तबादला कर दिया है और उसकी जगह अन्य कर्मचारी की तैनाती कर दी गयी है। ज्ञात हो कि बीते सप्ताह में ट्रामा सेंटर परिसर में आवार कुत्ते के द्वारा मरीज का कटा हाथ लेकर वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के मामले में बायो मेडिकल मैनेजमेंट कार्यो के लिए जिम्मेदार एजेंसी पर संस्थान प्रशासन द्वारा लगातार दूसरी कार्रवाई की गयी है। वहीं संस्थान प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए ऐसे कार्यो करे दोबारा पुनरावृत्ति न हो एजेंसी को निर्देश जारी कर दिये है।

# पीडीए किसी की जेब का एजेंडा नहीं है बल्कि एक मिशन है पल्लवी पटेल

लखनऊ(आरएनएस)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव के अपना दल (कमेरावादी) से 2024 में गठबंधन न होने की बयान को लेकर दोनों ही दलों के नेताओं के बयानों का दौर शुरू हो गया है। इसी क्रम में शुक्रवार को अपना दल (कमेरावादी) की नेता व सिराथू विधायक पल्लवी पटेल ने पार्टी कार्यालय पर प्रेस वार्ता की।उन्होंने पत्रकारों से कहा कि उनकी पार्टी लोकसभा चुनाव में सपा के मीरजापुर सीट पर उम्मीदवार घोषित किए जाने के बावजूद उनकी पार्टी मीरजापुर के अलावा फूलपुर और कौशाम्बी सुरक्षित सीट से अपने उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारेगी।अपना दल कमेरावादी की नेता पल्लवी ने लोकसभा चुनाव में गठबंधन धर्म पूरा न करते हुए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधा।उन्होंने कहा कि पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) किसी की जेब का एजेंडा नहीं है, पीडीए एक मिशन है और इस मिशन के साथ अपना दल (कमेरावादी) 2024 के चुनाव मैदान में मजबूती से उतरेगी।पल्लवी पटेल ने आगे कहा कि हमारी पार्टी की ओर से गठबंधन का हर संभव रास्ता अपनाया गया है। इसको लेकर ही अपना दल (कमेरावादी) की ओर से तीन सीटों पर प्रस्ताव रखा था। प्रस्तावित सीटों पर चुनाव लड़ने की जानकारी समाजवादी और कांग्रेस पार्टी को बताई थी। अब कांग्रेस तय करें कि पिछड़ों के नेता के साथ हैं या नहीं।एक सवाल का जवाब देते हुए पल्लवी पटेल ने कहा कि मैं अपना दल गठबंधन की विधायक हूं।

समाजवादी पार्टी के सिंबल पर लड़ी जरूर थी लेकिन मैं कहीं से भी सपा विधायक नहीं हूं। उन्होंने कहा कि मेरी सदस्यता छीनने के अधिकार सपा के पास है, वह फैसला लें।

# इलेक्टोरल बांड आजाद भारत का सबसे बड़ा चुनावी चंदा घोटाला– अभय दुबे

लखनऊ(आरएनएस)। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अभय दुबे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा 02 जनवरी 2018 से अधिसूचित इलेक्टोरल बांड योजना आजाद भारत में चुनावी चंदे की सबसे बड़ी भ्रष्ट योजना बन गई है। भाजपा द्वारा सफेद तरीके से काला धन एकत्र करने की एक अपारदर्शी योजना बनाई गई। जो सरकारी शक्ति के दुरूपयोग का एक नायाब नमूना बन गई है। 15 फरवरी 2024 को सर्वोच्च न्यायालय के पांच न्यायमूर्तियों की एक पीठ ने इस योजना को एक मत से असंवैधानिक करार देते हुए खारिज कर दिया।दुबे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने शुरू से ही इस चंदे के काले धंधे का विरोध किया था, हमने बार–बार कहा कि यह योजना भाजपा सिर्फ अपने फायदे के लिए और चुनावी चंदे में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के लिए ला रही है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस योजना को खारिज करने के बाद कांग्रेस पार्टी का मत सत्य साबित हुआ। सुप्रीम कोर्ट ने इस योजना पर ताला लगाकर यह सिद्ध कर दिया कि भाजपा चोर दरवाजे से चंदे के धंधे का काला खेल कर रही थी। यही नहीं मोदी सरकार एसबीआई को कोर्ट के आदेश के बाद भी इलेक्टोलरल बांड से सम्बन्धित सूचना को साझा करने से रोक रही थी। सरकार सारी सूचना को आगामी 30 जून तक यानी चुनाव सम्पन्न होने तक छुपाने का प्रयत्न कर रही थी लेकिन कोर्ट के दबाव के बाद जब एसबीआई को इलेक्टोरल बाण्ड से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक करनी पड़ी तो भाजपा की चार भष्ट नीतियां उजागर हुई।

# मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम 2004 असंविधानिक, छात्रों को अन्य स्कूलों में दाखिला दिलाएं

लखनऊ(आरएनएस)। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने शुक्रवार को एक अहम फैसले में यूपी मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम 2004 को असंविधानिक करार दिया है। न्यायमूर्ति विवेक चौधरी और न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने यह फैसला अंशुमान सिंह राठौर की याचिका पर दिया। इसमें अधिनियम की असंविधानिक वैधता को चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने मदरसा अधिनियम को असंविधानिक ठहराते हुए राज्य सरकार को आदेश दिया कि मदरसों में पढ़ रहे छात्रों को अन्य स्कूलों में दाखिला दिलाए। हाईकोर्ट के फैसले का भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष बासित अली ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि कोर्ट के फैसले से बच्चों को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि मदरसों के हालात में बदलाव होना चाहिए। मदरसों में आज भी बच्चे जमीन पर बैठकर पढ़ते हैं।मौलाना सैफ अब्बास बोले, हाईकोर्ट के फैसले से हम आश्चर्यचकित हैं मौलाना सैफ अब्बास ने कहा कि हाईकोर्ट के फैसले से हम आश्चर्यचकित हैं। मदरसा अधिनियम मौलवी ने नहीं सरकार ने बनाया है। अब मदरसा के छात्रों और शिक्षकों का क्या होगा? उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो आगे की अदालतों में जाएंगे।

## एसपी रेलवे ने चारबाग स्टेशन का किया दौरा

लखनऊ(आरएनएस)। आगामी होली पर्व पर यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रेलवे ने चारबाग रेलवे स्टेशन पर भ्रमण करके सुरक्षा व्यवस्था का जायेजा लिया और सभी अफसरों को आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक रेलवे प्रशान्त वर्मा द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ रेलवे स्टेशन चारबाग पर बेहतर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पुलिस उपाधीक्षक रेलवे विकास पांडे, जीआरपी,आरपीएफ, एएसचौक टीम, बीडीएस टीम व डॉग स्क्वाड टीम के साथ भ्रमण करके सुरक्षा का जायजा लिया। इस दौरान यात्रियों से बातचीत कर उन्हें सुरक्षा का एहसास दिलाया गया और बेहतर सुरक्षा के दृष्टिगत पूरे स्टेशन परिसर के निगरानी सीसीटीवी कंट्रोल रूम द्वारा की जा रही है। रेलवे स्टेशन पर आने जाने वाले यात्रियों पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है, प्लेटफॉर्म, सर्कुलेटिंग एरिया का भ्रमण व निरीक्षण करके सुरक्षा का जायजा लेकर संबंधित को सुरक्षा के संबंध में निर्देश दिए। यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर अनुभाग लखनऊ के समस्त रेलवे स्टेशन की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है, सुरक्षा व्यवस्था एवं भीड़ नियंत्रण के दृष्टिगत विस्तृत पुलिस प्रबन्ध कराया गया, पुलिस फोर्स को ब्रीफ कर ड्यूटी प्वाइंट पर सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। स्टेशनो पर लगातार जीआरपी व एएसचौक टीम,बीडीएस टीम व डॉग स्क्वाड टीम लगातार सरकुलेटिंग एरिया, पार्किंग, पार्सल घर, प्लेटफार्म, पार्किंग में खड़े दोपहिया वाहनों, सदिग्ध व्यक्ति,वस्तु,ज्वलनशील वा मादक पदार्थ की निरतंर चेकिंग की जा रही है।

## सिलेंडर स्प्रे-सिगरेट पिचकारी से खास मनेगी अबकी होली

लखनऊ(आरएनएस)। रंगों का त्यौहार यानी होली पर्व अब दो से तीन दिनों बाद बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाने वाला है। राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश भर में लोग सभी गिले–शिकवे भूलकर एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली पर्व को मनाने की तैयारी में लग गये हैं। जबकि होली को लेकर एक तरफ प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लगातार सड़कों पर नजर आ रहा है तो वहीं रंगों से लेकर खाने पीने की हर छोटी–बड़ी दुकानों पर भारी भीड़ नजर आने लगी है। एक तरफ चुनावी माहौल और होली के चलते चप्पे चप्पे पर पुलिस बल कि सक्रियता दिखाई दे रही है। वहीं बाजारों में ग्राहकों की भीड़ से लोगों को जाम से गुजरना पड़ता है। होली के त्यौहार में कई ऐसे खाद्य पदार्थ भी डिमांड में है। बात अगर रंगों की जाए तो हर बार की तरह लोगों को इस बार भी हर्बल रंग ही पसंद आ रहे हैं। उसमें भी सबसे ज्यादा भगवा रंग की मांग यकायक बढ़ती जा रही है जिसके चलते व्यापारियों को भगवा रंग के गुलाल अत्यधिक मात्रा में मंगवाने पड़ रहे हैं। होली पर सबसे ज्यादा डिमांड हो रही पिचकारियों की अगर बात की जाए तो इस वर्ष स्मोग कलर पटाखों, सिलेंडर स्प्रे, स्मोकिंग सिगरेट पिचकारी की सबसे ज्यादा डिमांड ग्राहकों द्वारा की जा रही है। आलमबाग, अमीनाबाद, चौक, निशातगंज, महानगर, निरालानगर, इंदिरानगर, चिनहट, राजाजीपुरम, अलीगंज,इंजीनियरिंग कॉलेज, मड़ियांव, बाजार खाला व ठाकुरगंज के तमाम दुकानदारों से जब तरूणमित्र टीम ने बातचीत की तो यह पता चला कि इनके यहां अबकी होली पर्व पर 50 रुपये से लेकर ढाई हजार तक की स्टाइलिश पिचकारियों की भरमार है।

## मनाई गई उत्तराखंड की पारम्परिक होली

लखनऊ(आरएनएस)। मकसद संस्था, ग्राम कड़ाकोट पोस्ट भिकियासैण, जनपद अल्मोड़ा उत्तराखण्ड के तत्वाधान में संस्कृति निदेशालय देहरादून उत्तराखण्ड के सहयोग से उत्तराखण्ड की पारम्परिक होली पर आधारित होलिकोत्सव–2024 का आयोजन ग्राम कड़ाकोट पोस्ट भिकियासैण जनपद अल्मोड़ा उत्तराखण्ड में हेमा बिष्ट सचिव के निर्देश न में तथा पुष्पा बिष्ट के सहायक निर्देशन में किया गया। संस्था के अध्यक्ष मनोहर सिंह द्वारा कार्यक्रम का सुभारम्भ किया गया। वरिष्ठ लोक कलाकार सिरोमणी भतरौजी द्वारा हारमोनियम पर तथा ढोलक पर पुष्पा बिष्ट एवं मंजू रावत ने सर्व प्रथम शिवजी को दाता विघ्न विनाशन, दूसरी होली नदी यमुना के तीर कदंब चढ कान्हा एजाए रहा बासुरिया की प्रस्तुति दी।

## अखिलेश यादव सीतापुर जेल में आजम खान से करेंगे मुलाकात

लखनऊ(आरएनएस)। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव शुक्रवार को राष्ट्रीय महासचिव आजम खान से मिलने सीतापुर जेल पहुंचेंगे। इस मुलाकात को लोकसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। समाजवादी पार्टी ने रामपुर और मुरादाबाद लोकसभा सीट पर अभी अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया हैं।अखिलेश यादव लखनऊ से सड़क मार्ग से सीतापुर रवाना होंगे। सीतापुर पहुंचने पर वह करीब एक घंटा तक आजम खान से जेल में मुलाकात करेंगे। समाजवादी पार्टी की ओर से जारी पत्र में यह जानकारी दी गई है।सूत्रों की मानें तो वह रामपुर और मुरादाबाद की सीट पर भी आजम खान से चर्चा कर सकते हैं। मुलाकात के बाद वह पूर्व विधायक अनूप गुप्ता से मुलाकात कर सकते हैं जो हाल ही में सपा के राष्ट्रीय सचिव बनाए गए हैं।

## मुख्यमंत्री योगी ने बिहार राज्य स्थापना दिवस की बधाई दी

लखनऊ(आरएनएस)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिहार राज्य के स्थापना दिवस की बिहार की जनता को बधाई दी है।उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स से पोस्ट कर लिखा कि ज्ञान, अध्यात्म एवं आंदोलनों की पुण्य धरा बिहार राज्य के स्थापना दिवस की सभी बिहार वासियों को हार्दिक बधाई।शशांति और क्रांतिश की यह महान भूमि प्रगति के नित नए प्रतिमान गढ़े, ईश्वर से यही प्रार्थना है

## 20 लाख 50 हजार के खोये फोन हुए बरामद

लखनऊ(आरएनएस)। राजधानी कमिशनरेट पुलिस कि पश्चिमी जोन पुलिस ने लापता हुए लगभग एक सौ एक मोबाइल बरामद करने मे सफलता प्राप्त कि है। पुलिस ने इन सभी मोबाईलो के मालिकों से बात कर उन्हें उनके मोबाईल सौंपे। अपने खोये हुए मोबाइल पाकर लोगों ने डीसीपी पश्चिम और उनकी सर्विलान्स टीम को धन्यबाद दिया। पुलिस उपायुक्त पश्चिमी डॉ दुर्गश कुमार ने बताया कि सर्विलांस सेल पश्चिमी जोन टीम द्वारा अथक परिश्रम एवं मेहनत के फलस्वरूप विभिन्न कम्पनियों के 101 मोबाइल फोन लखनऊ तथा अन्य जनपद एवं अन्य प्रान्तो से बरामद किया गया जिन्हें पुलिस उपायुक्त (पश्चिमी)ने उनके वास्तविक धारकों को वापस दिलाये। उन्होंने बताया कि बरामद हुए मोबाइल फोन कि कीमत लगभग 20 लाख 50 हजार रुपए लगाई जा रही है।

## मंडलायुक्त ने हैप्पीनेस पार्क का निरीक्षण किया

लखनऊ(आरएनएस)। मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने शुक्रवार को गौतम बुद्ध पार्क यानि हैप्पीनेस पार्क का औचक निरिक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणधीन कार्यों का जायजा लेते हुए निर्देश दिया कि कार्यों की गुणवत्ता व मानक का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराए। निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन कार्यों की धीमी रफ्तार मिलने पर उन्होंने तत्काल मेन पावर की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अप्रैल माह के लास्ट तक संपूर्ण कार्य पूर्ण हो जाने चाहिए। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पार्क में एक्टिविटी के कुछ और मूवमेंट शामिल करें। उन्होंने कहा कि पार्क के आकर्षण के दृष्टिगत पार्क में साज–सज्जा का कार्य करा लें। इसके अलावा पार्क में म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट स्थापित करने का कार्य भी जल्द कराए। उन्होंने पार्क में वेस्ट मटेरियल से बने बच्चों के खेलते हुए विभिन्न आकृतियां जैसे कंचे,लट्टू, गिल्ली डंडा, रोलिंग टायर, फनी सेल्फी जोन का जायजा लिया।

## एकेटीयू से जुड़े संस्थानों में बनेंगे वेलनेस सेंटर

लखनऊ(आरएनएस)। राजधानी स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ने अपने संबद्ध संस्थानों को वेलनेस सेंटर स्थापित करने को कहा है। परिसर में स्थापित सेंटर छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य एवं भावनात्मक स्थिति को मजबूत करेगा।

# रियलमी ने कम रोशनी में फोटोग्राफी के मानकों को बदलते हुए 18,999 रुपये की शुरुआती कीमत में रियलमी नार्जो 70 प्रो 5जी पेश किया

लखनऊ (आरएनएस)भारत में सबसे विश्वसनीय स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने अपने अपनी नार्जो सीरीज में नया स्मार्टफोन – रियलमी नार्जो 70 प्रो 5जी पेश किया है। रियलमी की नार्जो सीरीज में यूजर्स को बेहतरीन अनुभव प्रदान करने के लिए स्मार्टफोन की एक स्टाइलिश श्रृंखला आती है। भारत में लगातार बढ़ते हुए 16 मिलियन यूजर्स के साथ रियलमी की नार्जो सीरीज अगली पीढ़ी के स्मार्टफोन पेश करती है। इन डिवाइसेज को आधुनिक टेक्नोलॉजी और प्रीमियम फीचर्स के साथ डिजाइन किया गया है ताकि यूजर्स शिखर पर रहते हुए अपने व्यक्तित्व का प्रदर्शन कर सकें। नए रियलमी नार्जो 70 प्रो 5जी का उद्देश्य लो–लाइट फोटोग्राफी में नए मानक स्थापित करना और इनोवेशन एवं उत्कृष्टता की रियलमी की प्रतिबद्धता को मजबूत करना है।इस लॉन्च के बारे में रियलमी के जनरल मैनेजर प्रतीक राय चौधरी ने कहा, "आज हम केवल अमेजन पर रियलमी नार्जो 70 प्रो 5जी पेश करके उत्साहित हैं। यह एक ऐसा स्मार्टफोन है, जो स्मार्टफोन उद्योग में लो–लाइट फोटोग्राफी के मानकों को बदल देगा। रियलमी का नार्जो सीमाओं को आगे बढ़ाने और ऐसे उत्पाद पेश करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो युवा और तकनीक–प्रेमी ग्राहकों की रुचि के अनुरूप है। रियलमी नार्जो 70 प्रो 5जी के साथ हमने अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और आधुनिक फीचर्स पेश किए हैं, जो मिड–रेंज सेगमेंट को फिर से परिभाषित करेंगे। हमारा मानना है कि यह स्मार्टफोन एक इनोवेटिव और ट्रेंड–सेटिंग स्मार्टफोन ब्रांड के रूप में हमारी स्थिति को और ज्यादा मजबूत बना देगा।रियलमी और अमेजन ने ग्राहकों को रियलमी की नार्जो श्रृंखला के साथ खरीदारी का शानदार अनुभव प्रदान करने के लिए रणनीतिक सहयोग किया है। रियलमी की नार्जो सीरीज केवल अमेजन.इन पर उपलब्ध है और अपने यूजर्स को आधुनिक टेक्नोलॉजी प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। अपनी ड्युअल प्लेटफॉर्म की रणनीति के अनुरूप, रियलमी ने मार्च 2023 में अमेजन पर अपना पहला ऑनलाइन स्टोर लॉन्च किया।

# डिप्टी सीएम ने सरकारी अस्पतालों को होली पर किया अलर्ट

## ड्युटी में डाक्टरों,पैरामेडिकल,एंबुलेंस को सजग रहने के दिये निर्देश



लखनऊ(आरएनएस)। आगामी होली त्योहार के चलते सरकारी अस्पतालों की इमरजेंसी सेवाओं में सजगता बढा दी गयी है। इसके लिए प्रदेश स्तर के सभी चिकित्सालयों को अलर्ट मोड में कार्य करने की हिदायत दे दी गयी है। शुक्रवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने होली को लेकर सरकारी अस्पताल और मेडिकल संस्थानों को अलर्ट जारी कर दिया गया है। प्रदेश के सभी अस्पतालों में होली के दिन इमरजेंसी सेवाएं संचालित की जाएंगी और विशेषज्ञ डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई जाएगी। साथ ही पैरामेडिकल स्टॉफ और कर्मचारियों को भी मुस्तैद किया जाएगा। डिप्टी सीएम ने कहा कि इलाज में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सभी अस्पतालों व मेडिकल संस्थानों के अधिकारियों को होली को लेकर विशेष सजगता बरतने के निर्देश जारी कर दिए गये हैं। उन्होंने कहा कि होली में सड़क हादसे,केमिकल युक्त रंग का भी लोग इस्तेमाल करते हैं। जिससे इससे त्वचा संबंधी समस्याएं होती हैं। तरह–तरह के पकवाने खाने से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों की आशंका बढ़ जाती हैं। ऐसे में मरीजों को अस्पतालों में किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाने के लिए इलाज की व्यवस्था को पुख्ता करने के निर्देश दिये है। डिप्टी सीएम ने कहा कि इमरजेंसी में जरूरी दवाओं का स्टॉक जुटा लें। त्योहार के मद्देनजर बेवजह अस्पतालों में डॉक्टर–कर्मचारी अवकाश न लें। उन्होंने कहा कि घायल व दूसरे मरीजों को अस्पताल में शिफ्ट करने के लिए एम्बुलेंस सेवाएं सजग रखनी है और जरूरतमंदों को शीध्र अस्पताल पहुंचाया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि एम्बुलेंस में ही घायलों को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराई जाये। जिससे इलाज में किसी तरह की लापरवाही न हो।

# संचारी रोग नियंत्रण को जिला टास्क फोर्स की बैठक

लखनऊ (आरएनएस)। राजधानी में संचारी रोग को नियंत्रण को हर घर दस्तक देकर जागरूक करेंगे। दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए 1 से 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण और 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जायेगा। शुक्रवार को जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार के निर्देशन में एडीएम, वित्त एवं राजस्व राकेश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला टास्क फोर्स की बैठक की गयी। जिसमें एडीएम ने सभी विभागों को अभियान को सफल बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि कचरा निस्तारण, सूकरबाड़ों को आबादी से दूर रखने, आबादी वाले क्षेत्रों में घरों के आस–पास झाड़ियों की साफ– सफाई, नालियों को ढकने, घर से छछूंदर, चूहों को भगाने, जल भराव को रोकने, शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। वहीं सीएमओ डा. मनोज अग्रवाल ने बताया कि 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलेगा। इसके तहत आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बुखार, इंफ्लुएंजा लाइक इलनेस, फाइलेरिया, काला जार, कुष्ठ रोग के लक्षण वाले व्यक्तियों और कुपोषित बच्चों का नाम, पता, मोबाइल नंबर सहित सम्पूर्ण विवरण ईझकवच पोर्टल पर अपलोड करेंगी। इसके साथ ही क्षेत्रवार घरों की सूची जहां मच्छरों का प्रजनन पाया गया है, इसका विवरण निर्धारित प्रपत्र पर भरकर संबंधित अधिकारी को उपलब्ध कराएंगी। स्वास्थ्य कार्यकर्ता माइक्रोप्लान के अनुसार कार्यक्षेत्र में आने वाले परिवारों के सभी सदस्यों का आयुष्मान भारत हेल्थ एकाउंट सृजन भी अवश्य रूप से करेंगे और वह परिवार को आभा नंबर से अवगत कराएंगे। सीएमओ ने कहा कि शासन द्वारा उत्तर प्रदेश सहित देश के कई भागों में सामान्य से अधिक तापमान रहने की संभावना व्यक्त की गई है। ऐसी स्थिति में वेक्टरजनित और जलजनित रोगों के आउटब्रेक्स अधिक होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम से संबंधित रोगों के बारे में विभिन्न विभागों के परस्पर समन्वय से प्राथमिकता के आधार पर भीड़–भाड़ वाले स्थानों पर लोगों के लिए शुद्ध एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था करने, गर्मी से बचाव के लिए शेल्टर्स की सुविधा, व्यस्त स्थानों पर मौसम के पूवार्नुमान तथा तापमान का डिस्प्ले करने, हीट वेव से बचाव के लिए उपायों का विद्यालयों एवं जनमानस में व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिये। इस मौके पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी विजय कुमार, संचारी रोग के नोडल अधिकारी डा. गोपीलाल, जिला सर्वेलांस अधिकारी डॉ निशांत निर्वाण, जिला मलेरिया अधिकारी डा. रितु श्रीवास्तव, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी, सभी सहयोगी विभागों के प्रतिनिधि, अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, सभी सीएचसी के अधीक्षक मौजूद रहे।

# पत्थरबाजी को लेकर रेल प्रशासन अलर्ट, तीसरा नेत्र सक्रिय

## प्रतापगढ़, रायबरेली में वीआइपी ट्रेनों में हुई है पत्थरबाजी आरपीएफ, जीआरपी के साथ ही रेल का खुफिया तंत्र सक्रिय

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ और रायबरेली में ट्रेनों पर हुई पत्थरबाजी की घटना को लेकर रेल प्रशासन अलर्ट हो गया है। घटना पर अंकुश लगाने और पत्थरबाजों को पकड़ने के लिए अधिकारियों ने ताना बाना बुनना शुरू कर दिया है। उन तक पहुंचने के लिए आरपीएफ, जीआरपी के साथ ही खुफिया एजेंसियों को भी सक्रिय कर दिया गया है। इन्होंने अपने काम में तेजी भी लाना शुरू कर दिया है।बता दें कि इधर कुछ दिनों से ट्रेनों पर पथराव की कई घटना हुई। जिसमें प्रतापगढ़ में बनारस से नई दिल्ली जा रही काशी विश्वनाथ ट्रेन का थर्ड एसी कोच, राजधानी एक्सप्रेस का एसी कोच पत्थरबाजी का शिकार हुआ। हालांकि कोई यात्री हताहत नहीं हुआ। लेकिन पत्थरबाजी की घटना से यात्रियों में असुरक्षा की भावना अवश्य जाग्रत हुई। इसके अलावा राजस्व का भी काफी नुकसान हुआ है। इन सब बातों को लेकर रेल प्रशासन काफी गंभीर हुआ है। सूत्रों की मानें तो डीआरएम कार्यालय लखनऊ ने सभी मातहतों को इस तरह की घटना पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया। इस बारे में जनसंपर्क अधिकारी लखनऊ शंभू विक्रम सिंह का कहना है कि जांच चल रही है। पुलिस अपना काम कर रही है। अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। एसपी जीआरपी और आरपीएफ कमाडेंट से इस संबंध में बात करने का प्रयास किया गया।जांच एजेंसी ने संभाली कमान–आरपीएफ की खुफिया जांच एजेंसी इस मामले में तीसरे नेत्र की भूमिका में है। सूत्रों की मानें तो उसके अधिकारी मामले पर निगाह लगाए हुए हैं। पल पल की खबर हाई कमान को भेज रहे हैं। शुक्रवार को जांच एजेंसी ने पत्थरबाजी वाले इलाके की जांच पड़ताल की है। उसके हाथ कुछ सुराग लगे हैं। आरपीएफ और जीआरपी भी अपना काम कर रही है।पकड़ से बाहर है पत्थरबाज– ट्रेनों पर पत्थर फेंकने वाले उपद्रवियों को पकड़ने में रेलवे पुलिस को अभी तक सफलता नहीं मिली है। काशी विश्वनाथ ट्रेन पर पथराव मां बाराही धाम और पिरथीगंज स्टेशन के बीच होना बताया जाता है। जबकि राजधानी एक्सप्रेस पर पत्थरबाजी चिलबिला जंक्शन और जगेसरगंज स्टेशन के बीच की है। ऐसा आरपीएफ की जांच में आया है। हालांकि अभी तक इन घटनाओं के पीछे कौन लोग हैं इसका पता नहीं चल पाया है।

किसी की गिरफ्तार भी नहीं हुई है। चोरों ने रेलवे केबल काटी– चिलबिला जंक्शन के निकट गुरुवार की रात चोरों ने भूमिगत रेलवे की केबल काट लिए हैं। आरपीएफ इस मामले की जांच कर रही है।

# 108 व 102 ईएमटी प्रशिक्षण शिविर का औचक निरीक्षण



आर0एन0एस0प्रतापगढ़। 108 व 102 एम्बुलेंस सेवा जनमानस को बेहतर सेवा प्रदान करती आ रही है इस सेवा को और बेहतर बनाने के लिए ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के द्वारा सभी 108,102 एंबुलेंस कर्मचारियों को जनपद प्रातापगढ़ में कलस्टर बेस ट्रेनिंग का आयोजन करके सुल्तानपुर रायबरेली और प्रतापगढ़ जिले के एम्बुलेंस म्डज् को प्रशिक्षित किया जा रहा है मौके पर पहुँचे जोनल आपरेशन हेड मिथलेश त्रिपाठी ने प्रशिक्षण शिविर में शिरकत करते हुए बताया कि कम से कम समय में मरीज के सेवा कैसे प्रदान की जाए उसके लिए हमें किस प्रकार से तैयार रहना चाहिए कैसे और कहां गाड़ियों को हॉटस्पॉट में खड़ी करनी है वह हॉटस्पॉट के क्या फायदे हैं साथ ही सभी एंबुलेंस कर्मियों को एंबुलेंस के रख रखाव संबंधी तथा उसमे उपलब्ध सभी उपकरण के बारे में जानकारी दी तथा उसको आपात स्थिति में उपकरण को कब और कैसे उपयोग कर जाए साथ ही ऑपरेशन हेड और क्वालिटी हेड विपिन शुक्ला ने फील्ड में जाकर बाहर बहुत सी लोकेशनों पर औचक निरीक्षण किया और पाया की सभी एंबुलेंस में दवाइयां इक्विपमेंट वी कंज्यूमर उत्तम दिशा में पाई गई साथ ही स्टाफ अपनी सही वेशभूषा में थे इस मौके परर्रीजनल मैनेजर गौरव सिंह वाप्रोग्राम मैनेजर प्रबोध मंमगाई ने बताया की आप सभी लोग सभी जनमानस को बेहतर से बेहतर सुविधा देने के लिए अपना अपना कार्य सही तरीके से व पूरी ईमानदारी से करे आप सभी लोग स्वास्थ्य विभाग के मुख्य अंग है

# छात्रों को 'टोटल क्वालिटी परसन बनाना विद्यालय की नैतिक जिम्मेदारी - डा. भारती गाँधी, संस्थापिका-निदेशिका, सी.एम.एस.

लखनऊ, 22 मार्च। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम (द्वितीय कैम्पस) द्वारा 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का भव्य आयोजन आज सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया गया। सी.एम.एस. संस्थापिका–निदेशिका डा. भारती गाँधी ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत शुभारम्भ किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में डा. गाँधी ने कहा कि भौतिक व सामाजिक ज्ञान के साथ चारित्रिक शिक्षा देकर ही छात्रों को 'टोटल क्वालिटी पर्सन' बनाना विद्यालय की जिम्मेदारी है। उन्होंने अभिभावकों व शिक्षकों का आह्वान किया कि भावी पीढ़ी में बचपन से ही उच्च जीवन मूल्यों व चारित्रिक गुणों का विकास करें। समारोह में डा. गाँधी ने वार्षिक परीक्षा, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, साँस्कृतिक कार्यक्रमों व खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाने छात्रों को पुरष्कृत कर सम्मानित किया। इस अवसर पर भारी संख्या में उपस्थित अभिभावकों ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया तथापि विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अनुपमा चेकर ने अभिभावकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।



सी.एम.एस. कानपुर रोड कैम्पस द्वारा भी डिवाइन एजूकेशन कान्फ्रेन्स का आयोजन आज विद्यालय के ऑडिटोरियम में किया गया। इस भव्य समारोह में सी.एम.एस. छात्रों ने रंगारंग शिक्षात्मक–साँस्कृतिक कार्यक्रमों की अनूठी छटा प्रस्तुत कर अपनी अभूतपूर्व प्रतिभा का परिचय दिया। समारोह का शुभारम्भ सर्व–धर्म एवं विश्व शान्ति प्रार्थना से हुआ एवं इसके उपरान्त छात्रों ने कव्वाली, लोकनृत्य, समूह गान, विश्व संसद आदि एक से बढ़कर एक शिक्षात्मक कार्यक्रमों की इन्द्रधनुषी छटा बिखेरकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी छात्रों को पुरष्कृत कर सम्मानित किय गया।इस अवसर पर अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए सी.एम.एस. कानपुर रोड कैम्पस की प्रधानाचार्या डा. विनीता कामरान ने कहा कि बालक के चरित्र निर्माण तथा बौद्धिक क्षमताओं के विकास हेतु उन्हें स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराना जरूरी है।

## सतत ध्यान अभ्यास अंतत समाधि में परिणीत होता हैं - स्वामी अद्वैतानंद

झांसी! चिन्मय मिशन झांसी के ज्ञान यज्ञ के आज तृतीय दिवस प्रवचन में दीप प्रज्वल्लन स्वामी सतनाम, ए के सिंह, एसपी अत्रि, प्रेमलता अत्रि, बीएल नामदेव, आरके धवन, पूनम धवन, मोहन भट्ट, सुरेंद्र साहू, वंदना गुप्ता, नीलम गुप्ता, सीताराम गुप्ता द्वारा किया गया। मुख्य प्रवचन कर्ता स्वामी अद्वैतानंद जी ने भागवतम कृष्ण लीला रहस्य में बताया। भगवान ने वचन दिया कि धर्म स्थापना के लिए मैं बार बार अवतरित होता हूं। भगवान का प्राकट्य भक्त कृपा, पोषण, आनंद, भक्त शक्ति को दृढ़ करने के होता है। लीला रहस्य में भगवान की कृष्ण गोपी लीला और कृष्ण रुक्मिणी विवाह का सुंदर आनंदमय वर्णन किया। वेदांत ज्ञान के सुबह सत्र में दृग दृश्य विवेक में ध्यान की प्रकिया को सुक्ष्म रूप से समझाया। ध्यान के प्रथम चरण में धारणा यानि एकाग्रता विकसित होती है, फिर उस पर सजातीय वृत्ति चिंतन से ध्यान विषय वस्तु दृढ़ होती है। भगवान रमन महर्षि सरल चिंतन या आज्यधारणा अविरल अखंड चिंतन को श्रेष्ठ ध्यान चिंतन बताते है। शब्द, दृश्य सालंबन से पहले सविकल्प चिंतन ध्यान आता है और फिर आत्म अन्वेषण और अभ्यास से आता है निर्विकल्प ध्यान। यही सतत ध्यान अंत में समाधि में परिणित होता हैं।



## होली के रंग इन आदिवासी बच्चों के संग

झांसी! आज दिनांक 22ध्3ध्24 को आसरा सोसायटी ( N, G ,O) के सभी सदस्यों ने मिलकर बिजौली आदिवासियों की बस्ती में जाकर वहां के बच्चों के साथ होली का त्योहार मनाया हम सभी को इन बच्चों को भी ये छोटी छोटी खुशिया देना चाहिये आसरा ( N, G ,O) हर त्योहार ऐसे ही बच्चों के मनाता है जो इन खुशियो से बनचित रह जाते है कोशिश यही रहती हैं कि हम सभी के काम आ सके आसरा के सभी सदस्यों के सहयोग से इन बच्चों को पिचकारी ,मुखोटा,हरबल गुलाल दिये जिसको पाकर बच्चे बहुत खुश दिखे हमने बच्चों को साफ सफाई से रहने के लिये व बीमारियों के बचाव के लिये जागरूक किया आसरा सोसायटी ( N, G ,O) सदस्यझ अध्यक्ष पूजा शर्मा, लीना रमानी, आरती तिवारी, अंजू मेहता, वैशाली अग्रवाल, साक्षी,रीता मंगल, प्रीति मिश्रा,अग्रवाल ,अपर्णा कुशवाहा, अनाहिता सिंह,अनामिका चौबे,गजल गोयल वर्मा,संजू वर्मा, दीपा श्रीवास्तव, बंटी शर्मा,विक्की कनोजिया, अशोक अग्रवाल,शामिल रहे .



## जाहुल मेव पुलिस मुठभेड में हुआ घायल

**मथुरा कोतवाली से पुलिस मुठभेड़ की घटना में चल रहा था वांछित**

(मथुरा)(ए.के. शर्मा) थाना कोतवाली पुलिस व एसओजी टीम की मुठभेड में जनपद मथुरा से 25 हजार रुपये व जनपद आगरा से 10 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित अन्तर्राज्जीय लुटेरे गैंगस्टर शातिर बदमाश जाहुल गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में साहुल को गिरफ्तार कर लिया। इसके पास से चोरी की एक मोटर साइकिल, एक अवैध तमंचा, तीन जिन्दा, दो खोखा कारतूस बरामद किये गये हैं। घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभियुक्त जाहुल मेव पुत्र जसमाइल उर्फ जसल्ला उर्फ जसभान उर्फ इस्माइल निवासी वैराकी बास उर्फ बेराका का बांस निर्भय उडकी थाना सीकरी जनपद भरतपुर राजस्थान थाना कोतवाली पर पूर्व में पंजीकृत पुलिस मुठभेड़ मुकदमें में वांछित था। अभियुक्त के साथ पुलिस की मुठभेड़ मालगोदाम रोड पर किसी से मिलने आ रहा था। मालगोदाम से स्टेशन की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते से चौकी बागबहादुर पर पुलिस के साथ मुठभेड़ भेड हो गई। जाहुल मेव के विरूद्ध हरियाणा, राजस्थान, यूपी में कई आपराधिक मामले दर्ज थे। वह थाना कोतवाली मथुरा से पुलिस मुठभेड की घटना में वांछित चल रहा था। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक रवि त्यागी थाना कोतवाली, उप निरीक्षक राकेश यादव एसओजी प्रभारी, उप निरीक्षक विक्रान्त तोमर चौकी प्रभारी कृष्णानगर, उप निरीक्षक नितिन त्यागी चौकी प्रभारी बंगाली घाट थाना कोतवाली, उप निरीक्षक वीरेन्द्र

# लखनऊ–बलिया हाइवे पर घायल दो युवक ठेले से पहुंचे अस्पताल, एक गम्भीर





सुलतानपुर (आरएनएस)। लखनऊ–बलिया नेशनल हाइवे पर बीती रात मोतिगरपुर कस्बे में बाइक सवार दो युवक सड़क हादसे में घायल हुए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची और 108 एंबुलेंस को फोनकर बुलाया। घंटे भर का समय बीत गया और एंबुलेंस नहीं आई तो ठेले से दोनों घायलों को पुलिस ने सीएचसी पहुंचाया। हादसे में घायल एक युवक की हालत बेहद नाजुक है।

जानकारी के अनुसार लखनऊ–बलिया हाइवे पर बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने मोतिगरपुर कस्बे की कादीपुर रोड पर लोक निर्माण विभाग द्वारा ब्रेकर बनाया जा रहा है। इसके लिए सड़क खुदी हुई है और इस पर कोई संकेतक नहीं लगा है। इसी कारण बीती रात पल्सर सवार दो युवक अनियंत्रित होकर हाईवे पर गिर गए। दोनों काफी चोटे आई हैं। 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई लेकिन काफी देर तक एंबुलेंस नहीं पहुंचने पर सिपाहियों ने ठेले से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतिगरपुर पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने घायल दोनों युवकों को राजकीय मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर रेफर किया है। घायलों की पहचान दिवाकर निषाद (30) पुत्र मुसई निषाद और अरुण निषाद (30) पुत्र आनंद निषाद निवासीगण ग्राम नानेमऊ थाना मोतिगरपुर के रूप में हुई है। इसमें अरुण की हालत चिंताजनक बनी हुई है। बताया जा रहा है दोनों युवक मोतिगरपुर थानाक्षेत्र के महमूदपुर जंगल से रिश्तेदारी से लौट रहे थे।

# मसाले की खेती में भारत का विश्व में पहला स्थान रू बिजेन्द्र सिंह

कुमारगंज–अयोध्या (आरएनएस) ।आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविध्यालय के पशु–पालन महाविद्यालय के प्रेक्षागृह में दो दिवसीय जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। ष्आजीविका सुरक्षा एवं विकास के लिए सुगंधित एवं बीजीय मसालों की खेतीश विषय पर संगोष्ठी आयोजित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह व अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि किसान 90 दिनों में तैयार होने वाले मेंथा की खेती कर कम समय में अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। मसाले की खेती करने में भारत विश्वभर में पहले स्थान पर है। मसाले की खेती के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं जिसका लाभ किसानों को उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय बागबानी मिशन और राष्ट्रीय कृषि योजना के तहत किसान मसाले की खेती करें। एफपीओ एवं स्वयं सहायता समूह के माध्यम से अपने उत्पादों का विक्रय करने पर किसानों को अधिक से अधिक फायदा होगा। सीमैप लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. राकेश कुमार ने कहा कि किसान सगंध एवं मसालों की जैविक विधि से खेती करें तो अधिक लाभ कमा सकते हैं। मेंथा की खेती हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके तेल का प्रयोग दवा तथा सुगंध बनाने में भी किया जाता है। इस खेती में बस नमी का ध्यान रखना होता है और कई बार पानी लगाने की जरूरत होती है वानिकी अधिष्ठाता डा. संजय पाठक ने बताया कि मेंथा की बुआई का उपयुक्त समय 15 जनवरी से 15 फरवरी तक होता है। नर्सरी से पौधों की रोपाई मार्च से अप्रैल के प्रथम सप्ताह तक अवश्य कर देनी चाहिए नहीं तो किसानों को कम उपज प्राप्त होगी। इस अवसर पर सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। डा. अनिल कुमार के संयोजन में कार्यक्रम आयोजित हुआ। सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन डा. आशीष कुमार सिंह एवं स्वागत संबोधन अधिष्ठाता डा. संजय पाठक ने दिया। कार्यक्रम का संचालन डा. सीताराम मिश्रा ने किया।

# अवध विवि एवं पीआरएसयू के बीच दो दिवसीय वर्कशाप का हुआ समापन

**-एल्डरली केयर के लिए एक रिमाइंडर सिस्टम होगाः डॉ.हनी दुर्गा**

अयोध्या। (आरएनएस) डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय एवं पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, छत्तीससगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में बृहस्पतिवार को सांय 'इम्पॉवरिंग इनोवेशनः प्रोटोटाइपध्प्रोसेस डिजाईन एण्ड डेवलपमेंट वर्कशाप विथ ए फोकस ऑन एल्डरली केयर रिमांडर सिस्टम' विषय पर दो दिवसीय ऑनलाइन वर्कशाप का समापन हुआ। इस वर्कशाप में इँकोर टेक्नोलॉजी के मुख्य तकनीकी अधिकारी डॉ0 हनी दुर्गा प्रसाद तिवारी ने डिटेलेड वेबसाईट डिजाइन एवं फीडबैक गैदरिंग के साथ प्रोटोटाइप उत्पादन एवं व्यवहारिक कार्यान्वयन मे आने वाली चुनौतियां व रणनीति पर चर्चा की एवं एप डेवलपमेंट के बारे में हैंड्स ऑन ट्रैनिंग दी। उन्होंने बताया कि पीआरएसयू के कुलपति प्रो0 एसएन शुक्ल के मार्गदर्शन में प्रोटोटाइप डिजाइन से एल्डरली केयर के लिए एक रिमाइंडर सिस्टम तैयार किया जा रहा है। इसमें एक प्रोजेक्ट लॉन्च करने की तैयारी है। लोगों के नए विचारों को लेकर इस दिशा में कार्य किया जायेगा।

पीआरएसयू वर्कशाप की समन्वयक डॉ० कविता ठाकुर ने बताया कि मेक इन इंडिया एनिशिएटिव से छात्र–छात्राओ को इनोवेशन में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि एल्डरली केयर एक यूनीक प्रॉब्लम है जिसे सोसाइटी से लिया गया है। इनकी देखभाल के लिए प्रोटोटाइप से एक रिमाइंडर सिस्टम निर्मित किया जायेगा। इस दो दिवसीय वर्कशाप में चार तकनीकी सत्र आयोजित किए गए जिनमें अविवि के भौतिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ० गंगा राम मिश्र, डॉ0 गीतिका श्रीवास्तव, पीआरएसयू के डॉ0 अम्बर व्यास, डॉ० दीपेन्द्र सिंह सहित अन्य विशेषज्ञों ने प्रोटोटाइप डिजाइन पर चर्चा की। वर्कशाप के समापन पर डॉ० दुर्गा प्रसाद तिवारी ने रिपोर्टियर प्रस्तुत की। वर्कशाप में अतिथियों का स्वागत अविवि की कार्यक्रम समन्वयक भौतिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग की डॉ० गीतिका श्रीवास्तव ने किया। वर्कशाप का संचालन पीआरएसयू के रजिस्ट्रार डॉ0 शैलेन्द्र पटेल द्वारा किया गया। इस वर्कशाप में दोनों विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं शोधार्थी मौजूद रहे।

# बूथ जीतने के लिए पदाधिकारियों में आपसी समन्वय आवश्यक लल्लू सिंह

**-लोकसभा क्षेत्र के 24 मंडलों की समन्वय बैठक सम्पन्न**

अयोध्या (आरएनएस)। लोक सभा क्षेत्र के सभी 24 मंडलों की बैठकें सम्पन्न हो गई। चुनावी व्यूह रचना को लेकर पदाधिकारियों में आपसी समन्वय के लिए प्रथम चरण में मंडलों बैठकों का आयोजन किया गया था। द्वितीय चरण में शक्ति केन्द्रों व बूथ के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की जाएगी।

शुक्रवार को मिल्कीपुर मंडल, रानी बाजार मंडल व अयोध्या मंडल की बैठक सम्पन्न हुई। मिल्कीपुर मंडल की बैठक व्यापार भवन मिल्कीपुर तथा रानी बाजार मंडल की बैठक चुनाव कार्यालय प्रभात नगर में तथा अयोध्या मंडल की बैठक यशोदा लॉन अचारी के सागरा में आयोजित की गई। लोकसभा चुनाव संयोजक बांके बिहारी मणि त्रिपाठी ने सांगठनिक रिर्पोट पदाधिकारियों से लिया।

मिल्कीपुर मंडल की बैठक में सांसद लल्लू सिंह ने कहा बूथ विजय ही चुनाव जीतने की सीढ़ी है। बूथ जीतने के लिए पदाधिकारियों में आपसी समन्वय आवश्यक है। पदाधिकारी आपसी समन्वय बनाते हुए टोली बनाएं। जो घर–घर जा कर सम्पर्क व संवाद के जरिए लोगों को सरकार की उपब्धियों के बारे में बताए।

लोक सभा संयोजक डा. बांके बिहारी मणि त्रिपाठी ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर पिछली बार से अधिक मत प्राप्त करने का संकल्प लेकर कार्यकर्ता जनसम्पर्क में जुट जाएं।

बीकापुर विधान सभा संयोजक सोमनाथ वर्मा ने कहा मंडल के पदाधिकारी बूथ के कार्यकार्ताओं को साथ लेकर जनसम्पर्क अभियान में लग जाएं। विजय का अंतर पिछली बार से अधिक हो इस संकल्प के साथ अपने दायित्व क्षेत्र को ही अपनी लोकसभा मानते हुए व्यापक जनसम्पर्क व लाभार्थी सम्पर्क अभियान चलाएं। मिल्कीपुर की बैठक में लोकसभा प्रभारी श्रीकृष्ण शास्त्री, ओम प्रकाश सिंह, राधेश्याम त्यागी, अशोक मिश्र, बब्लू पासी, जर्नादन मौर्या, अजय तिवारी, राघवेन्द्र पाण्डेय, रामसजीवन मिश्र, अरूण गुप्ता प्रभात नगर की बैठक में जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, विधान सभा संयोजक राम कृष्ण तिवारी, सहसंयोजक इं रणवीरसिंह, अयोध्या मंडल की बैठक में महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, विधानसभा प्रभारी अशोक कसौंधन, शिवनारायण तिवारी, बाल कृष्ण वैश्य, तिलकराम मौर्या, शैलेन्द्र कोरी सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मैं शुद्ध राम का भक्त, मैने राम को किया पार यहां की जनता मुझको करेगी पार– भीम निषाद

सुलतानपुर (आरएनएस)। इंडिया गठबंधन ने भीम निषाद को उम्मीदवार बनाया है। टिकट घोषणा के बाद पांचवें दिन गुरुवार रात वे सुल्तानपुर शहर में पहुंचे। जहां उनका भव्य स्वागत हुआ। "मीडिया से बात करते हुए उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा मैं यहां शुद्ध राम का भक्त हूं, मुझसे बड़ा कौन भक्त है। मैने राम को पार किया है, यहां की जनता मुझको पार करेगी, ये भरोसा है मुझे।"

भीम निषाद ने आगे कहा कि ये राम का नाम और धर्म को भी बेचना चाहते हैं। ये भगवान के सौदागर हैं। उन्होंने कहा लोग राममंदिर पर एकदम वोट नहीं करेंगे। ये मतदान है, वोट है नहीं। मतदान का मतलब होता है हिंदी में संधि विच्छेद कर दिया जाए तो मत+दान होता है। कोई पागल थोड़ी है जो राम के नाम पर वोट करेगा। राम आस्था तो है ही, भगवान सबके हैं। किसी बीजेपी वाले के थोड़े हैं। उन्होंने कहा राम असली हमारे हैं निषादों के, वो बेवकूफ और पागल हैं। वही उन्होंने कहा विकास, नवजवानों और किसानों का मुद्दा लेकर हम चुनाव लड़ेंगे। बेरोजगारों के साथ जो अन्याय कर रहे ये हमारा प्रथम मुद्दा होगा। उन्होंने कहा समाजवादी पार्टी वैसे भी विकास रूपी गंगा बहाने का काम करती है। योगी–मोदी का नाम लिए बगैर उन्होंने कहा ये तो दोनों झूठिया हैं। आरएसएस और भाजपा के लोग झूठ और माफिया हैं। उन्होंने कहा आप बताईए नौकरी मिली क्या? जब नवजवान नौकरी मांगता है तो उसको लाठी और डंडा मारने का काम करते हैं। ये तो बहुत बड़े जालिम हैं। वही जयंत चौधरी और ओमप्रकाश राजभर पर हमला बोलते हुए बिना नाम लिए भीम निषाद ने दोनों को स्वार्थी बताया। उन्होंने कहा जिसको हमारे महबूब नेता (अखिलेश यादव) बढ़ाते हैं वो धोखा देता है। कही ना कही उनका इशारा विधायक मनोज पाण्डेय और राकेश प्रताप सिंह पर भी था। उन्होंने कहा बाकी सब थोड़ी भाग रहे जो चतुरी हैं वो भाग रहे। 90 प्रतिशत बुद्धुवा हमको जिताएंगे 10 प्रतिशत चतुरी भाग रहे हैं। बता दें कि भीम निषाद गुरुवार को पैतृक जिला अंबेडकरनगर से निकलकर जिले के दोस्तपुर में इंट्री किए। वहां से लम्भुआ होते हुए रात में सुल्तानपुर शह में इंट्री की। जहां सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व पूर्व विधायक अनूप संडा के साथ पार्टी व कांग्रेस के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की गिरफ्तारी की वामदलों ने की निन्दा

अयोध्या (आरएनएस)। वामदलों ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ई डी द्वारा गिरफ्तारी की कड़ी भर्त्सना की है। इस घटना से मोदी सरकार के अघोषित आपातकाल में विपक्ष की आवाज को साजिशाना ढंग से दबाने का एक और अध्याय जुड़ गया है।

झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के बाद अरविन्द केजरीवाल दूसरे ऐसे चुने हुए मुख्यमंत्री हैं जिन्हें राजनीतिक कारणों से ऐसे आरोपों में गिरफ्तार किया गया है जिन्हें साबित कर पाना भी मुश्किल होगा। दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और आप के राज्य सभा सदस्य संजय सिंह भी जेल में हैं।

भाकपा जिला सचिव अशोक कुमार तिवारी, भाकपा (माले) जिला प्रभारी अतीक अहमद और भाकपा सहायक जिला सचिव शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि पिछले दस सालों में ईडी द्वारा लगाए गए मुकदमे 95 प्रतिशत विपक्षी नेताओं पर है। स्पष्ट है मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ बोलने वाले सभी विपक्षी दल के नेताओं को राजनीतिक बदले की भावना से फंसाया जा रहा है। भाजपा केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग विपक्ष के नेताओं को डराने–धमकाने के लिए इस्तेमाल कर रही है। इनमें गैर भाजपा शासित राज्यों के नेताओं को खास तौर पर निशाना बनाया जा रहा है। अब तो कांग्रेस पार्टी का बैंक खाता भी फ्रीज कर दिया गया है।

वाम नेताओं ने कहा कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले गिरफ्तारियां, धमकियां और परेशान करने वाली हरकतों से साफ हो गया है कि इस सरकार को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की कोई परवाह नहीं है। सरकार के भेदभाव वाले अलोकतांत्रिक कानूनों, धार्मिक उन्माद और हिंसा, जनता में बढ़ती आर्थिक असमानता एवं बेरोजगारी और अमीरों व पूंजीपतियों के लिए जमा की जा रही अकूत सम्पत्तियों के खिलाफ जनता का गुस्सा बढ़ रहा है, इसीलिए सरकार चुनाव से पहले विपक्ष पर लगातार हमले कर रही है।

# संतो महंतो श्रद्धालुओं के लिए लगाए गए निशुल्क नेत्र शिविर का उद्घाटन

अयोध्या (आरएनएस)। नयोनिका आई केयर चौरिटेबल ट्रस्ट, बैंगलोर द्वारा हनुमान गुफा तिराहा बाईपास स्थित संकट मोचन हनुमान किला मंदिर के पीठाधीश्वर महंत परशुराम दास महाराज के आशीर्वाद एवं अंतरराष्ट्रीय श्री राम कथा प्रवक्ता स्वामी चंद्रांशु जी महाराज के सानिध्य में अयोध्या के संतो महंतो श्रद्धालुओं के लिए लगाए गए निशुल्क नेत्र शिविर का उद्घाटन रंग महल पीठाधीश्वर महंत राम शरण दास ने किया। चिकित्सा शिविर में अमेरिका रिटर्न डॉ प्रशांत और उनकी धर्मपत्नी डॉ सुरेखा ने संतों महंतों की जांच की। डॉ प्रशांत ने कहा कि मैं अमेरिका से भारत आया हूं गरीबों की सेवा के लिए। बैंगलोर में मैंने और मेरे पत्नी ने हजारों गरीबों की सेवा कि और अब अयोध्या में संतों की सेवा मन में आशा जागृत हुई यहां के संतों के आशीर्वाद से अयोध्या में कैंप लगाया हूं और लगातार लगता रहूंगा जब तक एक–एक संतो की सेव नहीं हो जाती है। सभी को निशुल्क जांच चश्मा और दवा उपलब्ध कराया जाएगा। श्री राम लला जी बालक 500 वर्षों के बाद विराजमान हैं इसलिए बच्चों की भी जांच निशुल्क होगी।

महंत रामशरण दास ने बताया कि जीवन में आंख नहीं है तो कुछ नहीं है इसलिए मै डॉ सब पति–पत्नी को आशीर्वाद देता हूं कि वह निरंतर सेवा करते रहे। महंत परशुराम दास महाराज ने बताया कि अयोध्या के संतो महंतों और बच्चों के लिए यह शिविर लगाई गई है सभी महात्माओं को निशुल्क दवा जांच और चश्मा की जाएगी। अंतर्राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता चंद्रांशु महाराज ने बताया कि डॉ अमेरिका जैसे विकसित देश को छोड़कर के भारत में सेवा के लिए आए यहां सेवा कर रहे हैं और राम मंदिर निर्माण के बाद उनके मन में विचार आया कि अयोध्या के संतों महंतों की सेवा की जाए इसके लिए शिविर लगाया जाए आज वह सपना पूरा हुआ अयोध्या के सभी संतो की सेवा की जाएगी और अब शिविर अयोध्या में निरंतर लगती रहेगी। शिविर के संयोजक शशिकांत शर्मा सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस पुनीत कार्य के लिए जितने लोग सहयोगी हैं मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं। सबसे पहले डॉक्टर साहब ने रंग महल के महंत रामशरण दास खाक चौक के मुख्य पुजारी महंत चरण दास की जांच करके कैंप का शुभारंभ किया। विधायक प्रतिनिधि श्याम बाबू गुप्ता, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष राजमणि सिंह ऋषभ सिंह अरुण सिंह,अमन सिंह,बैंगलोर से डॉक्टर साहब के साथ उनके सहयोग में शरद डेविड और विहान ने मरीजों की सेवा की।

# हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम की निभाई गई औपचारिकता

**-शासन से प्राप्त धन के सापेक्ष नौनिहालों में नहीं वितरित की जा सकी किट**

मिल्कीपुर–अयोध्या (आरएनएस)। मिल्कीपुर शिक्षा क्षेत्र स्थित कंपोजिट विद्यालय किनौली में हमारा आंगन, हमारे बच्चे, कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम महाजन रस्म अदायगी तक सीमित रहा। शिक्षा क्षेत्र स्थित 10 न्याय पंचायतों के विभिन्न विद्यालयों के 50 निपुण बच्चों को बैग, पेंसिल, रबर, कटर और एक कापी देकर सम्मानित किया गया।खंड शिक्षा अधिकारी मिल्कीपुर अजय कुमार त्रिपाठी ने कहा कि बच्चों को मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक पढ़ाई के प्रति जागरूक करने के लिए हमारा आंगन–हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत परिषदीय स्कूलों में बेसिक शिक्षा विभाग और बाल विकास विभाग की ओर से नौनिहालों को शिक्षा ग्रहण कराई जाएगी।

न्याय पंचायत के सभी विद्यालय से दो बच्चे बाल वाटिका के तथा दो बच्चे कक्षा 1 से 3 तक कुल एक विद्यालय पांच बच्चों को सम्मानित किया जाना था। शिक्षा क्षेत्र के दस न्याय पंचायत से 50 बच्चे बाल वाटिका निपुण कार्यक्रम में शामिल हुए। शासन की ओर से निपुण बच्चों को करीब 250 रूपए कीमत की टी एल एम किट वितरित किया जाना था। जिसमें बैग, पेंसिल, कटर, रबड़, जमेट्री, कहानियों की पुस्तकें तथा कापी दी जानी थी, लेकिन कार्यक्रम के दौरान बच्चों को बैग, एक रबर, एक पेंसिल, कटर तथा एक कॉपी दी गई है। सूत्रों की माने तो 12 हजार 500 रुपए

टीएमएल किट के नाम पर खर्चे तो कर दिया गए लेकिन बच्चों को किट के माध्यम से जो सामान मिलने थे, वह पूरे नहीं मिल सके।खंड शिक्षा अधिकारी अजय त्रिपाठी से जब पूछा गया कि बच्चों को जो किट वितरण किया गया है सारे सामान इसमें क्यों नहीं है, तो उन्होंने कहा कि अचानक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिससे सारी किताबें उपलब्ध नहीं हो सकी, फिलहाल जल्द ही किताबें बंटवा दी जाएगी। सूत्रों की माने तो कार्यक्रम में 50 छात्र, 50 अभिभावक, 50 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों कुल 150 लोगों को शामिल होना था। जिनके नाश्ते के लिए 100 रूपए प्रति व्यक्ति कुल 15 हजार रुपए विभाग ने मुहैया कराया था। लेकिन कार्यक्रम में तो 50 बच्चे, लगभग 30 से 35 आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं कुछ अभिभावक ही शामिल हुए थे। नाश्ते के नाम पर करीब 25 से 30 रुपए ही प्रति व्यक्ति खर्च किए गए। इस प्रकार से शासन की अति महत्वाकांक्षी योजना पर भी जिम्मेदार अधिकारियों ने अपनी मनमानी का चाबुक चला दिया है।

# संपादकीय

## इलेक्ट्रोल बांड छिपाइए नहीं, बताइए

लोकतांत्रिक शासन में चुनाव से ही पारदर्शिता और निष्पक्षता बरतने का आग्रह एक न्यूनतम अपेक्षा है। आंतरिक एवं बाह्य सुरक्षा एवं इनसे जुड़े विदेशी समझौतों को ही इसके दायरे से बाहर रखा जा सकता है।पर देश के राजनीतिक दलों को जिस इलेक्ट्रोल बांड के जरिए चंदा देने की व्यवस्था अपारदर्शी भीत्ति पर बनाई गई थी। इससे यह खुलासा नहीं हो रहा था कि कब, कौन, किस पार्टी को और कितना धन चंदे में दे रहा है।सर्वोच्च न्यायालय ने बांड जारी करने वाला एकमात्र बैंक एसबीआई है, नियमतरू यह काम आरबीआई का था, उसे 15 फरवरी को ही इसके सारे ब्योरों को चुनाव आयोग को देने की बात कही थी ताकि वह अपनी साइट पर सार्वजनिक करे। पर एसबीआई जो वित्त मंत्रालय के अधीन है, उसने न्यायालय के निर्देश का दो हिस्सों में और वह भी आधा–अधूरा पालन किया। बैंक ने पहले हिस्से में बांड खरीद की तारीख, खरीदने वालों के नाम और उसकी कीमत बताई है। दूसरे में बांड को भुनाने की तारीख, पार्टी के नाम और उसकी कीमत दी है। एक तीसरी कॉपी भी जारी की है, जिसमें बांड की कीमत, उसे देने और भुनाने वालों के नाम और तिथियां हैं। ये आयोग की वॉल पर हैं। पर इनमें वह यूनिक कोड नहीं है, जिससे तमाम ब्योरों का समग्रता में खुलासा करने और इस तरह सरकार बनने की पहली दहलीज से ही पण्राली में पारदर्शिता लाने का न्यायालय का मूल मकसद ही नहीं पूरा हो रहा है। इसलिए मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को बांड के यूनिक कोड के साथ तमाम ब्योरे 21 मार्च को शाम 5 बजे से पहले अंतिम रूप से जारी करने के लिए एसबीआई को कड़ी फटकार लगानी पड़ी। न्यायालय चाहता है कि बैंक यूनिक कोड के साथ एक समग्र और अंतिम ब्योरा दे।इसके लिए उसे दो हिस्सों में ब्योरा देना होगा। पहले में बांड के खरीदने की तारीख, खरीदने वालों के नाम, उसके यूनिक कोड, और उसकी कीमत हो। दूसरे हिस्से में, बांड भुनाने की तारीख, भुनाने वाली पार्टी, बांड के यूनिक कोड और उसका मूल्य दिया जाए ताकि आम जन बांड खरीदने वाले और इसको भुनाने वाले के साथ मिलान कर सके। इससे पार्टियां और उन्हें चंदे देने वाली कंपनी–घरानों की नींद उड़ी हुई है। पर सर्वोच्च न्यायालय की पहल से चुनावी चंदे की स्वीकार्य नैतिक व्यवस्था बनेगी जिसका असर चुनावों के बेलगाम खर्चे पर नियंतण्रके रूप में होगा। इसके लिए देश में कब से चल रही बहस एक निर्णायक आकार ले सकेगी।

## शक्ति की असल शक्ति

मेरे लिए तो हर मां–बेटी शक्ति का रूप है। मैं इनको शक्ति के रूप में पूजता हूं और इनकी रक्षा के लिए जान की बाजी लगा दूंगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी इंडिया गठबंधन पर मुंबई की रैली में कहा।चुनाव में लड़ाई शक्ति के विनाशकों और शक्ति के उपासकों के बीच है और चार जून को स्पष्ट होने की बात भी की कि कौन शक्ति का विनाश करने वाला है और किसे शक्ति का आशीर्वाद प्राप्त है।दरअसल, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन के अवसर पर मुंबई में आयोजित रैली में कहा था, हिन्दू धर्म में शक्ति शब्द होता है। हम शक्ति से लड़ रहे हैं, एक शक्ति से लड़ रहे हैं।हालांकि राहुल ने अपने बयान के विवाद के बाद कहा कि प्रधानमंत्री ने उनकी बातों का अर्थ बदलने की कोशिश की। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया–मैंने गहरी सच्चाई बोली है। जिस शक्ति का मैंने उल्लेख किया, जिस शक्ति से हम लड़ रहे हैं, उस शक्ति का मुखौटा मोदी जी हैं। मोदी ने किसी का नाम न लेते हुए कहा, ये कहते हैं कि जिस शक्ति की मैं बात कर रहा हूं, उन्होंने उनका गला पकड़ कर उनको भाजपा की ओर किया है और वह सब डर गए हैं। जाहिर है, लोक सभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही सभी राजनैतिक दल पूरी मशक्कत से जुट गए हैं।वे आरोपों–प्रत्यारोपों द्वारा, एक–दूसरे पर कीचड़ उछाल कर तथा निशाने लगा कर जनता को लुभाने के वही पुराने तरीके अपना रहे हैं जिनके बूते अपनी पार्टी के उम्मीदवारों को जितवाने की संभावनाएं प्रतीत हो रही हों। राहुल गांधी को अभी पिछले दिनों ही प्रधानमंत्री को अपशब्द कहने पर अदालत से चेतावनी मिल चुकी है।पिछले कई चुनावों से देखने में आ रहा है कि सत्ताधारी दल और विपक्ष चुनावी भाषणों में शालीनता बनाए रखने में चूकते जा रहे हैं। व्यक्तिगत आरोप और छींटाकशी भरे जुमलों का भरपूर प्रयोग होने लगा है। कुछ भी हो नेताओं को भाषा और शब्दों के चयन की खास शालीनता का ख्याल रखना चाहिए। चुनाव आयोग द्वारा कड़ाई से आदर्श चुनाव संहिता लागू किए जाने के बावजूद नेताओं द्वारा यह चूक होती नजर आती है। शक्ति स्त्री को कहें या सत्ता को, दरअसल यह तो चार जून को मतदाता ही दिखाएगा कि असली शक्ति किसके हिस्से जाती है। यह मूल रूप से इस शक्ति के ही हाथ है कि वह किसे शक्तिवान बनाती है, और किसे शक्तिहीन कर देती है।

## पारंपरिक जल–स्रोत बचाएं

पंकज चतुर्वेदी

कोई साल बारिश का रूठ जाना तो कभी ज्यादा ही बरस जाना हमारे देश की नियति है। थोड़ा ज्यादा बरसात हो जाए तो उसके समेटने के साधन नहीं बचते और कम बरस जाए तो ऐसा रिजर्व स्टॉक नहीं दिखता जिससे काम चलाया जा सके।

अनुभवों से यह तो स्पष्ट है कि भारी–भरकम बजट, राहत, नलकूप जैसे शब्द जल संकट के निदान नहीं हैं। करोड़ों–अरबों की लागत से बने बांध सौ साल भी नहीं चलते, जबकि हमारे पारंपरिक ज्ञान से बनी जल संरचनाएं ढेर सारी उपेक्षा, बेपरवाही के बावजूद आज भी पानीदार हैं। जलवायु परिवर्तन के खतरे के सामने आधुनिक इंजीनियरिंग बेबस है। यदि भारत का ग्रामीण जीवन और खेती बचाना है तो बारिश की हर बूंद को सहेजने के अलावा और कोई चारा नहीं बच रहा है।

देश के बहुत बड़े हिस्से के लिए अल्प वष्रा नई बात नहीं है, और न ही वहां के समाज के लिए कम पानी में गुजारा करना, लेकिन बीते पांच दशक के दौरान आधुनिकता की आंधी में दफन हो गए हजारों चंदेल–बुंदेला कालीन तालाबों और पारंपरिक जल पण्रालियों के चलते ये हालात बने। मप्र के बुरहानपुर शहर की आबादी तीन लाख के आसपास है। निमाड़ का यह इलाका पानी की कमी के लिए जाना जाता है लेकिन आज भी शहर में कोई अठारह लाख लीटर पानी प्रति दिन एक ऐसी प्रणाली के माध यम से वितरित होता है, जिसका निर्माण 1615 में किया गया था। यह प्रणाली जल संरक्षण और वितरण की दुनिया की अजूबी मिसाल है, जिसे श्भंडाराग्र कहा जाता है। सतपुड़ा की पहाडियों से एक–एक बूंद जल जमा करना और उसे नहरों के माध्यम से लोगों के घरों तक पहुंचाने की यह व्यवस्था मुगलकाल में फारसी जल–वैज्ञानिक तबकुतुल अर्ज ने तैयार की थी। समय की मार के चलते दो भंडारे पूरी तरह नष्ट हो गए हैं।

सनद रहे कि हमारे पूर्वजों ने देश–काल–परिस्थिति के अनुसार बारिश को समेट कर रखने की कई पण्रालियां विकसित और संरक्षित की थीं, जिनमें तालाब सबसे लोकप्रिय थे। घरों की जरूरत यानी पेयजल और खाना बनाने के लिए मीठे पानी का साध ान कुआं कभी हर घर–आंगन में हुआ करता था। धनवान सार्वजनिक कुएं बनवाते थे। हरियाणा से मालवा तक जोहड़ या खाल जमीन की नमी बरकरार रखने की प्राकृतिक संरचना हैं। ये आम तौर पर वष्रा–जल के बहाव क्षेत्र में पानी रोकने के प्राकृ तिक या कृत्रिम बांध के साथ छोटे तालाब की मानिंद होते हैं।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आप की राजनीति का क्या होगा, दिल्ली में कैसे चलेगी सरकार?



अन्ना आंदोलन के बाद 2012 में आम आदमी पार्टी का निर्माण अरविंद केजरीवाल और उनके सहयोगियों के द्वारा किया गया। 2013 के दिल्ली चुनाव में आम आदमी पार्टी को सफलता मिली थी। 2013 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने 28 सीटों पर जीत हासिल की। लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने के साथ ही देश की राजनीति पूरी तरीके से गर्म होती दिखाई दे रही है। इन सबके बीच दिल्ली शराब घोटाला मामले में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी ने सियासत को और भी गर्म कर दिया है। सत्ता पक्ष और विपक्ष पूरी तरीके से आमने–सामने है। हालांकि, अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद से सबसे बड़ा प्रश्न यही उठ रहा है कि आखिर आम आदमी पार्टी के लिए भविष्य की राजनीति क्या रहने वाली है? दिल्ली के मुख्यमंत्री पद को लेकर क्या फैसला होगा? आप की राजनीति अन्ना आंदोलन के बाद 2012 में आम आदमी पार्टी का निर्माण अरविंद केजरीवाल और उनके सहयोगियों के द्वारा किया गया। 2013 के दिल्ली चुनाव में आम आदमी पार्टी को सफलता मिली थी। 2013 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने 28 सीटों पर जीत हासिल की। 2015 में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने 70 में से 67 सीटों पर कब्जा किया। 2020 में भी पार्टी का जलवा दिखा। पार्टी ने 62 सीटों पर जीत हासिल की। वहीं, पंजाब में भी पार्टी 2017 में 20 सीटों पर जीतने में कामयाबी मिली थी। वहीं 2022 में पार्टी ने 92 सीटों पर जीत हासिल करते हुए सरकार बनाने में कामयाबी हासिल की। आम आदमी पार्टी गुजरात, गोवा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में लगातार अपना विस्तार कर रही है। उसे राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा प्राप्त है।आप का क्या होगा? लेकिन बड़ा सवाल यही है कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी का क्या होगा? इसमें कोई दो राय नहीं है कि आम आदमी पार्टी में सर्वोच्च नेता अरविंद केजरीवाल ही है। पिछले 10 से 11 वर्षों में हमने लगातार देखा है कि आम आदमी पार्टी की राजनीति केजरीवाल के इर्द–गिर्द ही घूमती दिखाई दी है। जिन नेताओं ने केजरीवाल से आगे बढ़ने की कोशिश की, उनकी पार्टी से छुट्टी भी हो गई। चाहे वह पार्टी के संस्थापक ही क्यों ना हो। इसमें हम योगेंद्र यादव, शाजिया इल्मी, कुमार विश्वास, प्रशांत भूषण, किरण बेदी जैसे लोगों का नाम ले सकते हैं। दिल्ली शराब घोटाला मामले में अरविंद केजरीवाल के बाद आप में स्थान रखने वाले मनीष सिसोदिया और संजय सिंह पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। ऐसे में माना जा सकता है कि पार्टी के प्रसार और विस्तार पर थोड़ा ब्रेक जरूर लगेगा। अरविंद केजरीवाल के बाद पार्टी को विस्तार देने में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, राघव चढ़ा, आतिशी और सौरव भारद्वाज का रोल काफी अहम रह सकता है। लेकिन जनता इन्हें कितना स्वीकार कर पाएगी, यह वक्त बताएगा। आम आदमी पार्टी में टूट का बड़ा खतरा केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी में टूट का भी बड़ा खतरा मंडरा रहा है। इसका बड़ा कारण है कि पार्टी वैचारिक रूप से बंधी नहीं है। जरूरत के हिसाब से पार्टी अपना स्टैंड लेती है। आप का लगातार दावा रहता है कि भाजपा उनके विधायकों को तोड़ने की कोशिश करती है। ऐसे में जब केजरीवाल गिरफ्तार हो चुके हैं, उसके बाद पार्टी की स्थिति में थोड़ी कमजोरी जरूर देखी जा सकती है। यह सभी को पता है कि आम आदमी पार्टी को जो भी वोट मिलता है, वह केजरीवाल के नाम पर ही मिलता है। ऐसे में केजरीवाल की अनुपस्थिति में पार्टी को बड़ा नुकसान हो सकता है। पंजाब में भी पार्टी टूट की ओर बढ़ सकती है। हालांकि, अभी भी पार्टी अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने की कोशिश करेगी। तभी तो कहा जा रहा है कि केजरीवाल के शरीर को गिरफ्तार किया जा सकता है, उनकी सोच को नहीं। क्या जेल से चलेगी सरकार? केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी का साफ तौर पर दवा है कि जेल से ही वह सरकार चलाएंगे। आतिशी ने कहा कि केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री हैं और आगे भी रहेंगे। लेकिन जानकारों का मानना है कि आम आदमी पार्टी के लिए यह कतई आसान नहीं रहने वाला है। हालांकि, ऐसा कोई कानून या नियम नहीं है जो मुख्यमंत्री को ऐसा करने से रोक सके। लेकिन जेल से सरकार चलाना एक टेढ़ी खीर हो सकता है। तभी भाजपा कह रही है कि जेल से सरकार नहीं, गैंग चलता है। गिरफ्तारी के बाद भी अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के लिए बाध्य नहीं हैं। वे अपनी मर्जी से इस्तीफा दे सकते हैं और किसी नए को जिम्मेदारी सौंप सकते हैं जैसा कि हमने झारखंड में देखा। अगर केजरीवाल इस्तीफा नहीं देते हैं तो दिल्ली में संवैध ाानिक संकट भी खड़ा हो सकता है। जेल में रहकर सरकारी कामकाज में बाधा आ सकती है। विश्वास मत खोने के बाद ही केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाया जा सकता है जो कि संभव नहीं लगता है। हां, संवैधानिक संकट का हवाला देते हुए उपराज्यपाल राष्ट्रपति को आगे की कार्यवाही के लिए रिपोर्ट सौंप सकते हैं। वहीं अगर केजरीवाल इस्तीफा देते हैं तो गोपाल राय, आतिशी और सौरव भारद्वाज में से किसी एक को मुख्यमंत्री के रूप में आगे दिखाई दे सकते हैं।

# आम चुनाव–2024 सरोकारी माहौल जरूरी

प्रो. आनंद कुमार




भारतीय जनतंत्र में राजनीतिक दलों, मीडिया और मतदाताओं के लिए आम चुनाव एक महत्वपूर्ण संदर्भ होता है। पिछले दिनों चुनाव के बारे में राजनीतिक दलों और नागरिक समाज का दृष्टिकोण अलग–अलग हो गया है।

एक तरफ दल चुनाव को सत्ता की सीढ़ी मानकर इसे जीतने के लिए हर तरह के प्रयास कर रहे हैं, दूसरी तरफ नागरिक समाज में चुनाव में बढ़ रही समस्याओं को लेकर खास तरह का अविश्वास भाव बन रहा है। नागरिक समाज का आग्रह है कि चुनाव व्यवस्था में सुधार किए जाएं और सुधारों की एक लंबी सूची बनती जा रही है। सबसे बड़ा दोष धन शक्ति का बढ़ता प्रभाव था। आधी शताब्दी पहले लोक नायक जयप्रकाश नारायण ने इसे संबोधित किया था। आज पीछे मुड़कर देखने पर लगता है कि मोरारजी देसाई की सरकार द्वारा जयप्रकाश नारायण के सुझावों की अनदेखी से एक बड़ी बीमारी की शुरुआत हो गई।

इस समय हर तरफ आम सहमति है कि हमारी चुनाव व्यवस्था के तीन बहुत बड़े दोष हैं। पहला, लोक शक्ति को धन शक्ति ने पराजित कर दिया है, दूसरा, मतदाताओं को सेवा और संगठन के जरिए प्रभावित करने की बजाय सभी दल मीडिया के माध्यम से प्रभावित करने का सहारा लेने लगे हैं, और तीसरा, कई जगहों पर चुनावों के मौके पर असामाजिक तत्वों की भूमिका उल्लेखनीय हो जाती है। कुछ दल तो असामाजिक तत्वों को अपनी पार्टी का उम्मीदवार बनाने में बड़ी शान समझने लगे हैं। सबका विवरण एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स जैसे निर्दलीय नागरिक मंचों द्वारा बराबर सामने आने से अजीब किस्म का असमंजस पैदा हो गया, वोट देने जाएं या न जाएं!

क्या हमारा वोट एक उचित प्रतिनिधि का चयन करने में समाज की मदद करेगा! क्याचुने गए लोग जनप्रतिनिधि ा हैं, या धन शक्ति के प्रतीक हैं! ऐसी और भी कई बातें हर चुनाव के बाद सामने आने लगी हैं। इसीलिए इस बार के आम चुनाव में नागरिक समाज की भूमिका के बारे में सावधानी की जरूरत है। हमें अच्छी तरह से याद है कि इमरजेंसी के दौर में चुनाव को एक साल के लिए आगे बढ़ा दिया गया था तो सारा देश खुली जेल जैसा होने लगा था। किसी की कोई जिम्मेदारी नहीं थी। गैर–संवैध ाानिक शक्ति केंद्रों ने सिर उठा लिए थे। प्रधानमंत्री सचिवालय से लेकर थाने के स्तर तक हर तरफ गैर–संवैध ाानिक ताकतों का बोलबाला हो गया। उस समय यानी 1976 में पूरे देश से एक ही मांग आ रही थी कि चुनाव समय पर और ठीक से कराए जाएं। चुनाव का महत्त्व निर्विवाद है। तमाम दोषों के बावजूद अभी भारतीय जनतंत्र के पास सत्ता के संचालन के लिए, देश को सुचारू रूप से चलाने के लिए चुनाव के अलावा कोई विकल्प नहीं है। प्रशासन के संचालन के लिए हमने उम्मीदवारों का मूल्यांकन करने वाली परीक्षाओं का इंतजाम किया है। उसमें लाखों विद्यार्थी बनते हैं, और कुछ सौ चुने जाते हैं। जिनको पुलिस, प्रशासन, विदेश नीति आदि की जिम्मेदारी दी जाती है। विधानमंडल को चलाने के लिए, संसद का संचालन करने के लिए हमारे जनप्रतिनिधि कैसे चुने जाएं, इस प्रक्रिया को चुनाव के माध्यम से पूरा करना लगातार कठिन होता जा रहा है। लगता है कि पूरी गंगा मैली हो गई है।

इसलिए लोकतंत्र को बचाए रखने के अब दो ही रास्ते बचे हैं–या तो हम चुनाव के दिन अपने–अपने घरों में बैठ जाएं। मानकर चलें कि चुनाव से कुछ नहीं होगा। दूसरा उपाय है कि चुनाव के हर मोड़ पर यानी चुनाव की घोषणा, घोषणा–पत्रों की तैयारी, प्रतिनिधियों का चयन और प्रचार का तंत्रय हर स्तर पर सक्रिय निगरानी करें, सक्रिय भागीदारी करें और सक्रिय योगदान करें। बहुत पहले राहुल सांकृत्यायन ने कहा, श्भागो नहीं, दुनिया को बदलो।त्र आज लोकतंत्र जिस नाजुक मोड़ पर खड़ा है, उसमें भागने से तो सुधार नहीं होना। बदलने से शायद सुधार हो। वैसे भी, लोकतंत्र की लोकप्रियता सारी दुनिया में घट रही है। दुनिया में जिन देशों का नाम लोकतंत्र के निर्माताओं के रूप में लिया जाता है, वहां चुनाव के जरिए अलोकतांत्रिक जमातें और ताकतें सत्ता में आ रही हैं। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप से रूस में ब्लादीमिर पुतिन तक के नाम लिए जा सकते हैं। इसलिए 2024 का लोक सभा चुनाव अगले पांच साल की दिशा तय करेगा।

नागरिक समाज का क्या अर्थ है! असल में ये वे लोग हैं, जो सरोकारी नागरिक हैं। संविधान प्रदत्त नागरिक कर्त्तव्य सूची को सम्मान देते हैं और चुनाव के अलग समाज की समस्याओं को सुलझाने में सार्थक और रचनात्मक योगदान करते हैं। समाज के वास्तविक मुद्दे अब दलों की दिलचस्पी के मुद्दे नहीं रह गए। इसका मतलब यह नहीं है कि समाज को इन मुद्दों पर हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। उसी जरूरत को पूरा करने वाले संगठन अपने छोटे समूहों के माध्यम से इन सवालों को सुलझाने में लगे हैं। यह भारतीय लोकतंत्र का महत्त्वपूर्ण पक्ष है। आम समझ है कि लोकतंत्र चार खंभों पर खड़ी इमारत है और चार खंभे हैं–विध ाानमंडल, कार्यपालिका, न्यायपालिका और मीडिया। लेकिन असल में इस इमारत के तीन खंभे और हैं, जो भारत के लोकतंत्र को बचाए रखने और संवर्धित करने में योगदान करते हैं। उन तीन खंभों में एक है राजनीतिक दल, दूसरा है विविद्यालय आदि शिक्षा एवं ज्ञान केंद्र। और तीसरा है, नागरिक समाज। यह सातवां खंभा आज बहुत मजबूत है।

इसमें यह भाव नहीं है सत्ता हमारे पास आए, बल्कि यह प्रयास है कि सत्ता योग्य व्यक्तियों के हाथों में जाए। वैसे तो कोई भी सत्ता किसी का दखल पसंद नहीं करती, लेकिन मौजूदा सत्ता संचालक नागरिकों की पहलों को एकदम नापसंद करते हैं। इसलिए काशी से लेकर कलकत्ता तक नागरिक समाज पर ग्रहण लगा हुआ है। आशा करनी चाहिए कि तमाम बाधाओं के बावजूद सक्रिय और सरोकारी नागरिक परस्पर सहयोग का वातावरण बनाकर चुनाव को शुद्ध बनाने, प्रदूषणमुक्त बनाने और निर्मल बनाने के लिए घोषणा–पत्र निर्माण, उम्मीदवारों के चयन, प्रचार की रणनीति और मतदान का पक्ष–सबकी निगरानी करेंगे, सबमें हिस्सेदारी करेंगे और सबमें योगदान करेंगे।

## आज का राशिफल

मेष राशि– आज आपका मन आध्यात्म में अधिक लगा रहेगा। कोई नया काम शुरू करने का विचार आपके मन में आयेगा। किसी दोस्त से अचानक मुलाकात आपके भविष्य लिए फायदेमंद साबित होगी। अपने चारों ओर होने वाली गतिविधियों का ध्यान रखें, क्योंकि आपके काम का श्रेय कोई दूसरा ले सकता है।

वृष राशि– आज कामकाज में सावधानी बरतने की जरूरत है। छोटे स्तर पर शुरू किया गया व्यापार आपके लिए लाभकारी रहेगा। आपने जो लक्ष्य निर्धारित कर रखें हैं, आज उनके काफी करीब पहुंच जायेंगे। विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे, लेकिन अपनी समझदारी से आप उन्हें कामयाब नहीं होने देंगे।

मिथुन राशिरू आज का दिन खुशियां लेकर आया है। जो लोग राजनीति के क्षेत्र से जुड़े हैं, आज उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जो लोग उच्च शिक्षा पाने की इच्छा रखते हैं, उन्हें आज किसी अच्छे कॉलेज में दाखिला मिलेगा। आज आप मानसिक रूप से स्वस्थ बने रहेंगे। आज आप अपने विरोधियों पर हावी रहेंगे।

कर्क राशिरू आज आप ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। आज आपको अपने वाणी पर संयम रखने की जरूरत हैं। इस राशि के जो लोग डॉक्टर हैं आज वो नई क्लीनिक की ओपनिंग करने का मन बनायेंगे, जिसमें परिवार का भरपूर सहयोग मिलेगा। आज आपके बिजनेस में बढ़ोतरी होगी। आज समाज सेवा के लिए की गयी कोशिशें आपकी अलग पहचान बनायेंगी।

सिंह राशिरू आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज किसी सरकारी अधिकारी का सहयोग मिलने से कोई प्रसाशनिक कार्य पूरा होगा। जीवनसाथी के साथ चल रही अनबन आज समाप्त हो जाएगी। आज आपके दिमाग में नये–नये विचार आयेंगे। लेखन का कार्य कर रहे लोगों की रचनाओं की लोग तारीफ करेंगे।

कन्या राशिरू आज का दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला हैं। साइंस और रिसर्च की फिल्ड से जुड़े लोगो को आज कोई नया प्रोजेक्ट मिलेगा। पूराने कामों का निपटारा करने के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। लोग आपकी मदद के लिए भी तैयार रहेंगे। बड़ों का दिया हुआ सुझाव आज आपके काम आयेगा।

तुला राशिरू आज किस्मत आपके साथ रहेगी। आज समाज में आपकी एक अलग ही छवि निखर कर सामने आयेगी। ऑफिस में जो काम आपने किया है, उसका श्रेय किसी और को न ले जाने दें।बॉस आपको किसी जरुरी काम से दूसरे शहर की यात्रा पर भेज सकते हैं।

वृश्चिक राशिरू आज का दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। महिलाए आज रसोई घर में काम करते हुए थोडी सावधानी जरूर बरते। आज आप में सफलता और उच्च पद पाने की इच्छा जागृत होगी, जिससे आप और अधिक मेहनत करेंगे । इस राशि के जो लोग एक्टिंग के क्षेत्र से जुड़े हैं आज उन्हें कोई बड़ा ऑफर मिलेगा।

धनु राशिरू भविष्य की योजनायें बनाने के लिए आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा। इस राशि के जो लोग मार्केटिंग के क्षेत्र से जुड़े हैं आज उन्हें काफी धन लाभ होने वाला है। आज जीवन में चल रही समस्याओं का समाधान निकलेगा। कार्यक्षेत्र में आज आपके सामने कुछ ऐसी परिस्थितियां सामने आयेंगी, जिससे आप थोड़ा उलझन में पड़ सकते है।

मकर राशि रू आज का दिन बहुत ही बढिया रहने वाला है। आज किसी कार्य में पड़ोसियों का सहयोग मिलेगा। आज समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आज सफलता में आ रहीं दिक्कते दूर होंगी। आज आप नए विचारों से परिपूर्ण रहेंगे और आप जिन कार्यों को करने के लिए चुनेंगे, वे आपको उम्मीद से ज्यादा फायदा देंगे।

कुंभ राशिरू आज का दिन महत्वपूर्ण रहने वाला है। आज कोर्ट कचहरी में चल रहे मुकदमों का फैसला आपके पक्ष में आयेगा। राजीनीति से जुड़े लोगों को आज किसी सामाजिक समरोह में जाने का मौका मिलेगा। आज आपको अचानक धन लाभ होने वाला है।

मीन राशिरू आज का दिन मिला–जुली प्रतिक्रिया देने वाला है। आज कुछ नए मौके भी मिलेंगे, जो आपको आर्थिक लाभ कराएंगे। पहले किये गये प्रयासों का फल आज मिलने वाला है। किसी भी समस्या पर घबराने की बजाय अपनों की सलाह लें।

# ऐसा कोई नहीं था जिसकी आंखें...एमएस धोनी के कप्तानी छोड़ने के बाद सीएसके कोच ने बताया ड्रेसिंग रुम का हाल



दरअसल, एमएस धोनी अब कभी भी कप्तान नहीं कहलाएंगे। टॉस के समय फैंस की वो आवाज सुने को नहीं मिलेगी। आईपीएल 2024 शुरु होने से एक दिन पहले धोनी ने सीएसके की कप्तानी युवा खिलाड़ी ऋतुराज गायकवाड़ को सौंप दी। अब धोनी विशेषज्ञ विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में मैदान में उतरेंगे। आईपीएल 2024 के आगाज से एक दिन पहले चेन्नई सुपर किंग्स और एमएस धोनी के फैंस के लिए बेहद दुखभरा रहा। दरअसल, एमएस धोनी अब कभी भी कप्तान नहीं कहलाएंगे। टॉस के समय फैंस की वो आवाज सुने को नहीं मिलेगी। आईपीएल 2024 शुरु होने से एक दिन पहले धोनी ने सीएसके की कप्तानी युवा खिलाड़ी ऋतुराज गायकवाड़ को सौंप दी। अब धोनी विशेषज्ञ विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में मैदान में उतरेंगे। वहीं जब धोनी के कप्तानी छोड़ने की खबर सीएसके साथियों को पता चली तो ड्रेसिंग रुम का माहौल कैसा था? थाला ने सीजन शुरू होने से पहले जब बताया कि वो कप्तानी छोड़ रहे हैं तो ड्रेसिंग रुम में मौजूदा सभी की आंखें भीगी हुई थीं। सीएसके के हेड कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने खुद इसका खुलासा किया। चेन्नई के कोच ने खुलासा करते हुए बताया कि, जब धोनी ने खबर दी तो लोगों की भावनाएं उमड़ आई। ड्रेसिंग रुम में किसी की आंख सूखी नहीं थी। हर कोई आगे बढ़ा। पिछली बार जब धोनी ने कप्तानी छोड़ने की खबर दी थी तब हम लीडरशिप में बदलाव के लिए तैयार नहीं थे। बहरहाल, सभी ने रुतुराज गायकवाड़ को बधाई दी। वो ज्यादा बोलने वालों में तो नहीं, लेकिन उसमें सही दिशा में आगे ले जाने की काबिलियत है। हालांकि, ये पहला मौका नहीं जब एमएस धोनी ने कप्तानी पद से इस्तीफा दिया हो। इससे दो साल पहले उन्होंने रविंद्र जडेजा को कमान सौंपी थी, लेकिन ये फैसला उन पर उलटा भारी पड़ गया। धोनी को बीच सत्र में दोबारा कप्तानी संभालनी पड़ी। कोच स्टीफन फ्लेमिंग का मानना है कि इस बार कहानी अलग होगी।

# मथीशा पथिराना को लेकर मैनेजर ने दिया बड़ा अपडेट

आईपीएल 2024 के शुरू होने से पहले चेन्नई सुपर किंग्स के लिए अच्छी खबर है। दरअसल, टीम के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना अब फिट हो गए हैं। इसकी जानकारी खुद उनके मैनेजर ने ग पर दी। इससे पहले वह इसी महीने की शुरआत में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज के दौरान चोटिल हो गए थे। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए बड़ी खबर है। दरअसल, टीम के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना को लेकर संदेह था कि वह आईपीएल 2024 में नहीं खेल पाएंगे। लेकिन अब इस पर से सारी शंकाए मिट गई हैं। इस महीने की शुरुआत में बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज में मथीशा पथिराना चोटिल हो गए थे। जिसके बाद से कयास लगाए जा रहे थे कि वो चोटिल होने के कारण आईपीएल नहीं खेल पाएंगे। इसके बाद अब पथिराना के मैनेजर ने तेज गेंदबाज को लेकर बड़ा अपडेट दिया है। उन्होंने ग पर लिखा कि वह आईपीएल 2024 के लिए फिट हैं। पथिराना के मैनेजर अमिला कलुगालेगे ने ग पर लिखा कि, पथिराना कहां है? का जवाब है कि वह फिट हैं और तूफानी गेंदबाजी के लिए तैयार हैं। तैयार रहो। आखिरी बार लीजेंड के साथ। इससे पहले रिपोर्ट सामने आई थी कि चेन्नई सुपर किंग्स के डेथ ओवर स्पेशलिस्ट मथीशा पथिराना आईपीएल के शुरुआती मुकाबलों में नहीं खेलेंगे।



# राजस्थान रायल्स में शामिल हुए तनुष कोटियन

शुक्रवार से आईपीएल के 17वें सीजन का आगाज होने जा रहा है। लेकिन उससे पहले दो टीमों गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स में एक–एक बदलाव हुए हैं। जहां गुजरात में विकेटकीपर रॉबिन मिंज की जगह बीआर शरत शामिल हुए हैं। वहीं राजस्थान रॉयल्स में एडम जम्पा की जगह तनुष कोटियन जुड़े हैं।आईपीएल 2024 की शुरुआत शुक्रवार से चेन्नई सुपर किंग्स और आरसीबी के बीच मुकाबले से होगी। इसी दिन दो टीमों गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स में एक–एक बदलाव हुए हैं। जहां



गुजरात में विकेटकीपर रॉबिन मिंज की जगह बीआर शरत शामिल हुए हैं। वहीं राजस्थान रॉयल्स में एडम जम्पा की जगह तनुष कोटियन जुड़े हैं। बता दें कि, रॉबिन मिंज को ळज ने आईपीएल नीलामी में 3.60 करोड़ रुपये में खरीदा था। लेकिन इसी महीने की शुरुआत में उनका एक्सीडेंट हो गया था। उनकी सुपरबाइक कंट्रोल से बाहर हो गई थी और वो इस हादसे में बुरी तरह घायल हुए हैं। इसी कारण मिंज आईपीएल से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह कर्नाटक की तरफ से खेलने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज बीआर शरत टीम में शामिल हुए हैं। शरत ने अब तक 20 टी20 खेले हैं जिनमें उन्होंने 43 लिस्ट ए और 20 फर्स्ट क्लास मैच भी खेले हैं।

इसके साथ ही राजस्थान ने लेग स्पिनर एडम जम्पा की जगह तनुष कोटियन को टीम में शामिल किया है। बता दें कि हाल ही में रणजी ट्रॉफी फाइनल में मुंबई की जीत में तनुष का अहम योगदान था। उन्हें भी राजस्थान ने 20 लाख की बेस प्राइस में अपने साथ जोड़ा है। तनुष ने मुंबई के लिए 23 टी20, 26 फर्स्ट क्लास और 19 लिस्ट ए मैच खेले हैं।

# आईपीएल इतिहास के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी, जानें महेंद्र सिंह धोनी लिस्ट में कहां ?



आईपीएल इतिहास में उम्रदराज खिलाड़ियों ने फैंस को खासा प्रभावित किया है। वहीं एमएस धोनी पिछले साल 41 साल और 326 दिन की उम्र में चेन्नई सुपर किंग्स को पांचवीं बार चौंपियन बनाया था। लेकिन ध ोनी से पहले इस लिस्ट में ब्रैड हॉक सबसे उम्रदराज खिलाड़ी रहे हैं।आईपीएल इतिहास में उम्रदराज खिलाड़ियों ने फैंस को खासा प्रभावित किया है। वहीं एमएस धोनी पिछले साल 41 साल और 326 दिन की उम्र में चेन्नई सुपर किंग्स को पांचवीं बार चौंपियन बनाया था। लेकिन धोनी से पहले इस लिस्ट में ब्रैड हॉक सबसे उम्रदराज खिलाड़ी रहे हैं।दुनिया की सबसे महंगी लीग इंडियन प्रीमियर लीग के 16 सीजन में अबतक कई बड़े इंटरनेशनल क्रिकेटर्स ने फैंस को प्रभावित किया है। इसके अलावा कई बड़े नामों ने भी संन्यास के बाद आईपीएल के जरिए अपने क्रिकेट करियर को कई साल लंबा भी खींचा है। इस कड़ी में दिवंगत शेन वॉर्न इसके उदाहरण हैं। 2007 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले वॉर्न ने एक साल बाद राजस्थान रॉयल्स को ओपनिंग सीजन में ही चौंपियन बनाया। वहीं एडम गिलक्रिस्ट ने भी कुछ ऐसा ही किया। उन्होंने साल 2009 में बंद हो चुकी टीम डेक्कन चार्जर्स को खिताब दिलाया था। तो चलिए आपको आईपीएल इतिहास के सबसे उम्रदराज खिलाड़ियों के बारे में बताते हैं जिन्हें एमएस ध ोनी का नाम भी शामिल है।ऑस्ट्रेलियाई पूर्व दिग्गज ब्रैड हॉग की पहली आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स थी। जिसके लिए वो 2012 और 2013 में खेले थे। हॉक 2015–16 में केकेआर के साथ दो साल के कार्यकाल के लिए लीग में लौटे थे, तब वो लीग के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए थे। इस दौरान उन्होंने पांच मुकाबलों में हिस्सा लिया था। हॉग ने अपना आखिरी आईपीएल मैच 45 साल 92 दिन की उम्र में 8 मई 2016 को गुजरात लायंस के खिलाफ खेला था। हॉग ने 21 आईपीएल मैचों में 23 विकेट हासिल किए थे। प्रवीण तांबे– 44 साल 219 दिन प्रवीण तांबे ने 41 साल की उम्र में 2013 में राजस्थान रॉयल्स के लिए डेब्यू किया था। मुंबई के प्रवीण पर फिल्म भी बन चुकी है। क्योंकि, उनके पास प्रोफेशनल क्रिकेट का कोई अनुभव नहीं था। तांबे तीन सीजन खेले और 33 मैच में 28 विकेट झटके। उन्होंने 14 मई, 2016 को 44 साल 219 दिन की उम्र में आरसीबी के खिलाफ अपना आखिरी मुकाबला खेला था। तांबे को 2020 में केकेआर ने साइन किया था। हालांकि, टी10 लीग में खेलने के कारण बीसीसीआई ने उनपर आईपीएल में खेलने पर रोक लगा दी और इसके बाद तो उनकी कभी वापसी ही नहीं हो पाई।

# आईपीएल इतिहास के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी, जानें महेंद्र सिंह धोनी लिस्ट में कहां ?

आईपीएल इतिहास में उम्रदराज खिलाड़ियों ने फैंस को खासा प्रभावित किया है। वहीं एमएस धोनी पिछले साल 41 साल और 326 दिन की उम्र में चेन्नई सुपर किंग्स को पांचवीं बार चौंपियन बनाया था। लेकिन धोनी से पहले इस लिस्ट में ब्रैड हॉक सबसे उम्रदराज खिलाड़ी रहे हैं। आईपीएल इतिहास में उम्रदराज खिलाड़ियों ने फैंस को खासा प्रभावित किया है। वहीं एमएस धोनी पिछले साल 41 साल और 326 दिन की उम्र में चेन्नई सुपर किंग्स को पांचवीं बार चौंपियन बनाया था। लेकिन धोनी से पहले इस लिस्ट में ब्रैड हॉक सबसे उम्रदराज खिलाड़ी रहे हैं। दुनिया की सबसे महंगी लीग इंडियन प्रीमियर लीग के 16 सीजन में अबतक कई बड़े इंटरनेशनल क्रिकेटर्स ने फैंस को प्रभावित किया है। इसके अलावा कई बड़े नामों ने भी संन्यास के बाद आईपीएल के जरिए अपने क्रिकेट करियर को कई साल लंबा भी खींचा है। इस कड़ी में दिवंगत शेन वॉर्न इसके उदाहरण हैं। 2007 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले वॉर्न ने एक साल बाद राजस्थान रॉयल्स को ओपनिंग सीजन में ही चौंपियन बनाया। वहीं एडम गिलक्रिस्ट ने भी कुछ ऐसा ही किया। उन्होंने साल 2009 में बंद हो चुकी टीम डेक्कन चार्जर्स को खिताब दिलाया था। तो चलिए आपको आईपीएल इतिहास के सबसे उम्रदराज खिलाड़ियों के बारे में बताते हैं जिन्हें एमएस धोनी का नाम भी शामिल है।ब्रैड हॉग– 45 साल 92 दिन ऑस्ट्रेलियाई पूर्व दिग्गज ब्रैड हॉग की पहली आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स थी। जिसके लिए वो 2012 और 2013 में खेले थे। हॉक 2015–16 में केकेआर के साथ दो साल के कार्यकाल के लिए लीग में लौटे थे, तब वो लीग के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए थे। इस दौरान उन्होंने पांच मुकाबलों में हिस्सा लिया था। हॉग ने अपना आखिरी आईपीएल मैच 45 साल 92 दिन की उम्र में 8 मई 2016 को गुजरात लायंस के खिलाफ खेला था। हॉग ने 21 आईपीएल मैचों में 23 विकेट हासिल किए थे। प्रवीण तांबे– 44 साल 219 दिन प्रवीण तांबे ने 41 साल की उम्र में 2013 में राजस्थान रॉयल्स के लिए डेब्यू किया था। मुंबई के प्रवीण पर फिल्म भी बन चुकी है। क्योंकि, उनके पास प्रोफेशनल क्रिकेट का कोई अनुभव नहीं था। तांबे तीन सीजन खेले और 33 मैच में 28 विकेट झटके। उन्होंने 14 मई, 2016 को 44 साल 219 दिन की उम्र में आरसीबी के खिलाफ अपना आखिरी मुकाबला खेला था। तांबे को 2020 में केकेआर ने साइन किया था। हालांकि, टी10 लीग में खेलने के कारण बीसीसीआई ने उनपर आईपीएल में खेलने पर रोक लगा दी और इसके बाद तो उनकी कभी वापसी ही नहीं हो



पाई। मुथैया मुरलीधरन– 42 साल 35 दिन श्रीलंका के दिग्गज स्पिनर मुरलीधरन ने 2008 में सीएसके के साथ अपना आईपीएल का करियर शुरू किया था। इस दौरान उन्होंने तीन सीजन खेले, 2010 में खिताब भी जीता। 2012–2014 तक आरसीबी के साथ रहे। इससे पहले एक साल के लिए कोच्चि टस्कर्स केरल चले गए थे। आईपीएल 2014 में, मुरलीधरन ने केकेआर के खिलाफ 42 साल 35 दिन की उम्र में अपना आखिरी आईपीएल मैच खेला। इमरान ताहिर– 42 साल 29 दिनदक्षिण अफ्रीका के इस लेग स्पिनर के लिए उम्र कभी भी अड़चन नहीं बनी। बल्कि ये उम्र के साथ और बेहतर होते चले गए। 2014 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए डेब्यू करने के बाद से ही उनका प्रदर्शन अच्छा होता गया। ताहिर के सबसे अच्छे साल 2018 में सीएसके ने उन्हें अपने साथ शामिल किया। उन्होंने तीन और सीजन में खेलने से पहले 2018 में चेन्नई के साथ खिताब जीता था। उनका आखिरी मुकाबला 21 मई 2021 को आरसीबी के खिलाफ था। उन्होंने 59 मैचों में 82 विकेट झटके थे। क्रिस गेल–42 साल 7 दिनक्रिस गेल की गिनती टी20 के सबसे बड़े खिलाड़ियों में होती है। उन्होंने केकेआर के साथ आईपीएल करियर की शुरुआत की थी और इसके बाद 2011 से 2017 तक आरसीबी के साथ रहे। उन्होंने आईपीएल 2021 में पंजाब किंग्स के लिए मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपने 42वें जन्मदिन से 1 हफ्ता पहले आखिरी मैच खेला था। महेंद्र सिंह धोनी– 42 साल 259 दिन एमएस धोनी ने 41 साल और 326 दिन की उम्र में गुजरात टाइंटस के खिलाफ आईपीएल 2023 का फाइनल जीता था। तब वो ये उपलब्धि हासिल करने वाले सबसे उम्रदराज कप्तान बने थे। धोनी, जिन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स को पांच खिताब दिलाए। इसी के साथ धोनी 22 मार्च 2024 को आरसीबी के खिलाफ

# हर कोई अनुभवी है, इसलिए मेरा काम आसान हो जाएगा – रितुराज

गायकवाड़ की मदद के लिए धोनी हमेशा मौजूद रहेंगे। उनके अलावा उन्हें जडेजा और अजिंक्य रहाणे से भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा,''इसके अलावा माही भाई टीम में है। जड्डू भाई और अज्जू भाई (रहाणे) भी मेरे मार्गदर्शन के लिए टीम में हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के नवनियुक्त कप्तान रुतुराज गायकवाड़ का मानना है कि उन्हें बहुत बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है, लेकिन उनको लगता है कि टीम में महेंद्र सिंह धोनी और रविंद्र जडेजा जैसे खिलाड़ियों



की मौजूदगी से उनका काम आसान हो जाएगा। चेन्नई और रॉयल चौलेंजर्स बेंगलोर के बीच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के उद्घाटन मैच से एक दिन पहले ध ोनी ने कप्तानी गायकवाड़ को सौंप दी। गायकवाड़ ने चेन्नई सुपर किंग्स के सोशल मीडिया पर डाले गए वीडियो में कहा,''यह बड़ा सम्मान है। इससे भी बढ़कर यह बड़ी जिम्मेदारी है लेकिन हमारी जिस तरह की टीम है उसे देखते हुए मैं वास्तव में उत्साहित हूं। हर कोई अनुभवी है और इसलिए मेरे लिए करने के लिए ज्यादा कुछ नहीं है।'' गायकवाड़ की मदद के लिए धोनी हमेशा मौजूद रहेंगे। उनके अलावा उन्हें जडेजा और अजिंक्य रहाणे से भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा,''इसके अलावा माही भाई टीम में है। जड्डू भाई और अज्जू भाई (रहाणे) भी मेरे मार्गदर्शन के लिए टीम में हैं।

# घर में लगे कांच दिखने लगे हैं गंदे, तो अपनाएं ये आसान टिप्स, 2 मिनट में चमक जाएंगे नए जैसे

अगर आपके घर की खिड़कियों में लगे कांच या कोई और कांच गंदे और धूल से भरे दिख रहे हैं, तो परेशान न हों. कांच को साफ करना कभी–कभी मुश्किल लग सकता है, खासकर जब वे पुराने और धुंधले नजर आने लगें. लेकिन, हम आपको बताएंगे बहुत ही सिंपल और काम के टिप्स, जो आपके कांच को झटपट चमका देंगे, वो भी बस 2 मिनट में. इन आसान उपायों से आपके कांच न केवल साफ हो जाएंगे बल्कि आपका घर भी ज्यादा साफ–सुथरा और खूबसूरत दिखेगा. तो आइए, उन टिप्स को जानते हैं..

सिरका और पानी का मिश्रण

कांच की सफाई के लिए, एक स्प्रे बोतल में सिरका और पानी को समान मात्रा में मिला लें. इस साधारण सफाई समाध ाान को गंदे कांच पर छिड़कें. उसके बाद, एक साफ माइक्रोफाइबर कपड़े की मदद से हल्के हाथों से पोंछ दें. यह आसान तरीका कांच को बिना किसी खरोंच के साफ कर देती है, जिससे वह फिर से चमकने लगता है.न्यूजपेपर का प्रयोग

कांच को चमकाने के लिए सिरका और पानी का मिश्रण बनाकर उससे कांच साफ करें. इसके बाद, एक पुराने अखबार का टुकड़ा लेकर कांच पर अच्छे से रगड़ें. ये तरीका कांच को बहुत चमकदार बना देता है।. बस, इतना करने से ही आपके कांच फिर से नए जैसे चमकने लगेंगे.बेकिंग सोडा का उपयोग

कठिन दागों को हटाने के लिए, बेकिंग सोडा और थोड़े पानी से एक गाढ़ा पेस्ट तैयार करें. इस पेस्ट को दाग वाले स्थान पर लगाएं और उसे कुछ मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें. यह पेस्ट दाग को सोख लेगा.



कुछ समय बाद, एक साफ कपड़े से इसे अच्छी तरह साफ कर दें. यह तरीका दागों को आसानी से हटा देगा और आपके कांच को फिर से नई जैसी चमक देगा.

रबिंग अल्कोहल कांच को साफ करने के लिए रबिंग अल्कोहल एक बहुत ही अच्छा उपाय है. बस थोड़ा सा रबिंग अल्कोहल एक कपड़े पर डालें और उससे कांच की सतह को अच्छे से पोंछें.

इससे कांच साफ होने के साथ–साथ उसपर मौजूद कीटाणु भी मर जाते हैं.

यह तरीका न केवल आसान है, बल्कि इससे कांच पर बिना किसी दाग–धब्बे के चमक भी आ जाती है.

## ट्रैवलिंग के दौरान स्किन केयर रूटीन को न करें नजरअंदाज, वरना स्किन कर सकती है सफर

सफर के दौरान त्वचा पर धूल, धूप, मिट्टी और बदलते मौसम का सीधा असर होता है। ऐसे में ब्रेक आउट, सन बर्न, एक्ने और डॉर्क स्पॉट का सामना करना पड़ता है। ऐसे में इन टिप्स को अपनाने के बाद आपकी त्वचा को सफर नहीं करना पड़ेगा। लगभग हर व्यक्ति को घूमना फिरना पसंद होता है। आज के इस दौर में लोगों को जैसे ही अपनी व्यस्त लाइफस्टाइल से थोड़ा भी फुर्सत का समय मिलता है, तो वह घूमने का प्लान बना लेते हैं। लोग परिवार या दोस्तों के साथ घूमने निकल जाते हैं। वहीं बैचलर्स भी अपने दोस्तों के साथ घूमने का मौका तलाश रहते हैं।

# होली के रंगों को हटाने के लिए त्वचा पर लगाएं यह होममेड स्क्रब

होली के रंगों को हटाने और स्किन को मॉइश्चराइज करने के लिए किचन में रखी दालें भी आपकी मदद कर सकती हैं। इसके लिए आप एक बड़ा चम्मच उड़द–दाल का आटा, एक बड़ा चम्मच लाल मसूर दाल का आटा लें और इस मिश्रण को गुनगुने पानी में रातभर के लिए भिगो दें। होली का त्योहार बस आने को है और ऐसे में मन में एक उत्साह होना तो लाजमी है। रंगों के इस त्योहार पर हम जमकर मस्ती करते हैं और एक–दूसरे को जमकर रंग लगाते हैं। लेकिन होली खेलने के बाद जब रंग उतारने की बारी आती है तो यकीनन नानी याद आ जाती है। कुछ कलर्स स्किन से निकलते ही नहीं है। ऐसे में स्किन को जोर से रगड़ने या फिर तरह–तरह के प्रोडक्ट्स लगाने से स्किन को और भी ज्यादा नुकसान होता है। लेकिन अगर आप जेंटल तरीके से होली के रंग अपनी स्किन से निकालना चाहती हैं तो ऐसे में इन होममेड



स्क्रब की मदद ले सकती हैं–होली के रंगों को हटाने और स्किन को मॉइश्चराइज करने के लिए किचन में रखी दालें भी आपकी मदद कर सकती हैं। इसके लिए आप एक बड़ा चम्मच उड़द–दाल का आटा, एक बड़ा चम्मच लाल मसूर दाल का आटा लें और इस मिश्रण को गुनगुने पानी में रातभर के लिए भिगो दें। अब इसे हल्का दरदरा पीस लें। अब इसमें एक बड़ा चम्मच कैलामाइन पाउडर, दो बड़े चम्मच दही और एक बड़ा चम्मच बादाम का तेल मिलाएं। आप एक बेहतरीन होममेड पोस्ट होली बॉडी स्क्रब बनकर तैयार है। बेसन और चंदन पाउडर से बनाएं स्क्रब अगर आप उन लोगों में से हैं, जिन्हें होली का त्योहार कुछ जरूरत से ज्यादा ही पसंद है और आप होली के दिन जमकर रंग खेलते हैं तो ऐसे में यह होममेड स्क्रब एक ही स्वाइप होली के रंगों को साफ करने में मदद करेगा। इस होममेड स्क्रब को बनाने के लिए एक बड़ा चम्मच बेसन, दो बड़े चम्मच चावल का आटा, दो बड़े चम्मच चोकर, दो बड़े चम्मच चंदन पाउडर, एक बड़ा चम्मच ताजा क्रीम, एक बड़ा चम्मच जैतून का तेल और दो बड़े चम्मच संतरे का रस, कुछ खसखस और थोड़ा हल्दी पाउडर डालकर अच्छी तरह मिक्स कर लें। नहाते समय इसे अपने पूरे शरीर और चेहरे पर लगाएं। अब आप हल्के हाथों से स्किन की मसाज करें। अंत में, पानी से स्किन को वॉश कर लें।खीरे से बनाएं स्क्रब होली के दौरान कई तरह के कलर्स के कारण आपकी स्किन पहले ही इरिटेट हो जाती है। ऐसे में इसे कूलिंग इफेक्ट देने के लिए आप खीरे की मदद से एक होममेड स्क्रब तैयार करें। इसके लिए एक खीरे के गूदे को मैश करके उसमें पपीता, बेसन और कुछ बूंदे जैतून के तेल की मिला लें। अब आप इसे अपनी स्किन व फेस पर लगाएं और बेहद ही हल्के हाथों से मसाज करें। अंत में पानी की मदद से स्किन को साफ करें। यह स्क्रब ना केवल आपकी स्किन से कलर को निकालने में मदद करेगा।

# फिल्म क्रू का सान्ग चोली के पीछे रिलीज, करीना, तब्बू, कृति संग दिलजीत ने बिखेरा 90 के दशक का जादू

फिल्म क्रू के ट्रेलर और टीजर में जो ट्यून्स हमने सुनी थी, वो अब रिलीज हो चुकी हैं. जी हां, आइकॉनिक चोली सॉन्ग को मेकर्स ने अब इस होली सीजन के लिए अपनी प्लेलिस्ट में एक परफेक्ट एडिशन के रूप में रिलीज कर दिया है. 90 के दशक के वाइब्स को याद करते हुए, नया वर्जन एक दम मजेदार है, जिसमें दिलजीत दोसांझ की आवाज ने चार चांद लगा दिए है.बेसब्री से इंतजार किए गए गाने चोली को अब आखिरकार रिलीज कर दिया गया है और कहना वाजिब है कि यह एक अल्टीमेट होली सॉन्ग है. एक पार्टी के बैकड्रॉप पर सेट इस गाने में करीना कपूर खान अपने हॉट अवतार में किलर मूव्स दिखाती नजर आ रही हैं. गाने की कोरियोग्राफी फराह खान ने की है.दिलजीत दोसांझ की आवाज में इस 90 के दशक के इस आइकॉनिक सॉन्ग को रीक्रिएट किया गया है, जो होली पार्टी के लिए एक परफेक्ट वाइब सेट कर रहा है. यह आइकॉनिक गाना चोली के पीछे का सबसे अच्छा वर्जन है. गाना फिल्म के कुछ पलों को भी कैप्चर करता है. चोली सॉन्ग को मुंबई में एक अनोखे तरीके से लॉन्च किया गया है. यह पहली बार है जब किसी गाने को वीडियो होर्डिंग पर लॉन्च किया गया है.करीना कपूर खान, कृति सेनन और तब्बू की मचअवेटेड फिल्म क्रू



को लेकर दर्शकों के बीच गजब का बज बना हुआ है. फैंस इस मूवी को लेकर काफी एक्टाइटेड नजर आ रहे हैं. फिल्म में तब्बू, करीना कपूर खान और कृति सेनन बैडएस एयर होस्टेसेज के लुक में नजर आ रही हैं. करीना, तब्बू और कृति एयर होस्टेस के लुक में बेहद सिजलिंग दिख रही हैं. राजेश ए कृष्णन के डायरेक्शन में बनी ये फिल्म 29 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

# जान्हवी कपूर ने राम चरण के साथ शुरू की आरसी16 की शूटिंग, शेयर की खूबसूरत तस्वीरें

बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर और साउथ सुपरस्टार राम चरण की फिल्म आरसी 16 की शूटिंग शुरू हो गई है. तस्वीरों में जान्हवी और राम चरण एक साथ नजर आ रहे हैं. साथ ही राम चरण के पिता व सुपरस्टार चिरंजीवी व फिल्म की पूरी स्टारकास्ट दिखाई दी. जान्हवी और राम चरण की जोड़ी पहली बार स्क्रीन पर दिखाई देगी. फिल्म में जान्हवी का किरदार काफी दमदार होगा. फिल्म का निर्देशन बुच्ची बाबू सना कर रहे हैं. फिल्म में राम चरण का किरदार होगा उससे अभी पर्दा उठना बाकी है.

जैसा कि जान्हवी कपूर की फैंस जानते ही है कि 6 मार्च को उनके जन्मदिन के दिन ही



फिल्ममेकर्स ने आरसी16 में उनकी मौजूद की घोषणा की थी। तभी से उनके फैंस और भी ज्यादा उत्सुकता होकर फिल्म की नई अपडेट का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में अब फिल्म का मुहूर्त हो चुका है। जिसमें साउथ फिल्मों के कई सितारे अपने परिवार के साथ पहुंचे थे। फिल्म आरसी16 में जान्हवी के साथ रामचरण नजर आने वाले हैं। इसके अलावा मेगास्टार चिरंजीवी को भी इस फिल्म में देखा जाएगा। मशहूर संगीतकार ए आर रहमान भी इस फिल्म में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। जिसकी वीडियो तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई है।

इवेंट में सितारों की मौजूदगी काफी शानदार रही, इस दौरान रामचरण को ट्रेडिशनल लुक में देखा गया। राम धोती और कुर्ते में नजर आए।

साथ ही जान्हवी कपूर पूरी तरह से इंडियन रिटायर सिल्वर ब्लू साड़ी में नजर आई।

वही बता दे की रामचरण का फिल्म से पहले लुक उनके जन्मदिन 27 मार्च को रिलीज करने की तैयारी है। जिसको लेकर आधिकारिक घोषणा की जा सकती है क्योंकि फिल्म का नाम आरसी16 आधिकारिक नहीं बल्कि अस्थाई नाम है।

# सिद्वार्थ मल्होत्रा की योद्धा की कमाई की रफ्तार धीमी, अदा शर्मा की बस्तर का निकला दम

सागर आंब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी फिल्म योद्धा की रिलीज को छह दिन पूरे हो गए हैं।इस फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा, राशि खन्ना और दिशा पाटनी जैसे सितारे मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं।तमाम सितारों की उम्दा अदाकारी ने बेशक दर्शकों को दिल जीत लिया हो, लेकिन यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।हर गुजरते दिन के साथ योद्धा की दैनिक कमाई लगातार घटती जा रही है।

अब योद्धा की कमाई के छठे दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, बुधवार को योद्धा ने 2 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 23.25 करोड़ रुपये हो गया है।टिकट खिड़की पर योद्धा का मुकाबला अजय देवगन–आर माधवन की फिल्म शैतान और अदा शर्मा की फिल्म बस्तररू द नक्सल स्टोरी से हो रहा है।दूसरी ओर, द केरल स्टोरी की तिकड़ी ने इस बार बुरी तरह निराश किया है। डायरेक्टर सुदीप्तो सेन, प्रोड्यूसर विपुल शाह और एक्ट्रेस अदा शर्मा की फिल्म बस्तररू द नक्सल स्टोरी चारों खाने चित हो चुकी है। इस फिल्म की हालत यह है कि बुधवार को छठे दिन यह 20 लाख रुपये भी नहीं कमा सकी और 17 लाख के नेट कलेक्शन पर ही इसकी सांसें फूल गईं। फिल्म की ऑडियंस ऑक्यूपेंसी भी बुधवार को 7त्न है। यानी सिनेमाघर में 100 में से 93 सीटें खाली ही रही हैं। बस्तररू द नक्सल स्टोरी का बजट करीब 20 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। फिल्म ने छह दिनों में भारतीय बॉक्स



ऑफिस पर 2.64 करोड़ रुपये का टोटल कलेक्शन किया है। यह साल 2024 की सबसे बड़ी डिजास्टर साबित हुई है।

# बाक्स आफिस पर अजय देवगन की फिल्म शैतान की पकड़ बरकरार

अजय देवगन और आर माध्वन अभिनीत फिल्म शैतान का खुमार रिलीज के दूसरे सप्ताह में भी दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रहा है।हॉरर के साथ सस्पेंस के तड़के से भरपूर इस फिल्म को शुरुआत से दर्शकों का बेशुमार प्यार मिल रहा है।शायद यही वजह है कि वीकेंड पर धुआंधार कमाई करने के बाद कामकाजी दिनों में यह बॉक्स ऑफिस पर ठीक–ठाक नोट छाप रही है।अब शैतान की कमाई के 13वें दिन के आंकड़े सामने आए हैं।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, शैतान ने अपनी रिलीज के 13वें दिन यानी दूसरे बुधवार 2.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 111.8 करोड़ रुपये हो गया है।महज 65 करोड़ रुपये की लागत में बनी फिल्म शैतान का डंका दुनियाभर में खूब बज रहा है। यह फिल्म अब तक 156.56 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर चुकी है।इस फिल्म में साउथ की जानी–मानी अभिनेत्री ज्योतिका भी मुख्य भूमिका में हैं।शैतान के बाद अजय मैदान में नजर आएंगे। यह फिल्म 11 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।इसके निर्देशन की कमान अमित शर्मा ने संभाली है



तो वहीं बोनी कपूर इस फिल्म के निर्माता हैं।इसके बाद अजय फिल्म औरों में कहां दम था में दिखाई देंगे। इसमें एक बार फिर तब्बू उनकी जोड़ीदार होंगी। यह फिल्म 26 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।इसके अलावा अजय सिंघम अगेन और रेड 2 जैसी फिल्मों में भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे।

## श्रेयस तलपड़े और तुषार कपूर की वापसी हारर-कामेडी कपकपी के साथ, मोशन पोस्टर हुआ रिलीज

एक्टर श्रेयस तलपड़े और तुषार कपूर की जोड़ी फिर एक फिल्म में साथ दिखाई देने वाली है। उनकी नई मूवी कपकपी का एलान हो गया है। अब इसी बीच हॉरर कॉमेडी फिल्म श्कपकपीच का मोशन पोस्टर भी जारी कर दिया गया है। साथ ही फिल्म से जुड़ी कई जानकारी फैंस के साथ शेयर की गई है। आपको बता



दें कि श्क्या कूल हैं हमच और अपना सपना मनी मनी जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके डायरेक्टर संगीथ सिवन ने फिल्म की कमान संभाली है। वहीं, सौरभ आनंद और कुमार प्रियदर्शी ने इसकी स्क्रिप्ट लिखी है। जयेश पटेल के ब्रावो एंटरटेनमेंट के बैनर तले श्कपकपीच को प्रोड्यूस किया गया है। अब इसी बीच एक्टर श्रेयस तलपड़े ने अपने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर इसका मोशन पोस्टर शेयर किया है, जिसे देखने के बाद फैंस काफी एक्साइटेड हो गए हैं। मोशन पोस्टर शेयर करते हुए श्रेयस ने कैप्शन भी दिया है, जिसमें उन्होंने लिखा, कपकपी हॉरर और कॉमेडी का एक संयोजन जो आपने पहले कभी नहीं देखा है! हँसी! काँपना! हँसी! काँपना! दोहराना! जब आप कहते हैं कि प्त आत्मजीदर्शनदोना फिलहाल मेकर्स ने कपकपी की रिलीज डेट से पर्दा नहीं उठाया है. । श्रेयस तलपड़े और तुषार कपूर के अलावा इस फिल्म में सोनिया राठी, सिद्धि इदनानी, जय ठक्कर, वरुण पांडे, धीरेंद्र तिवारी, दिनकर शर्मा और अभिषेक कुमार भी मुख्य भूमिका में दिखाई देने वाले हैं। कपकपी के अलावा श्रेयस जल्द लव यू शंकर में भी दिखाई देने वाले हैं जो इसी साल अप्रैल में रिलीज होगी। वहीं, उनकी गोलमाल 5 और इमरजेंसी भी पाइपलाइन में है।

## सिद्वार्थ मल्होत्रा की योद्वा का गाना किस्मत बादल दी जारी, बी प्राक ने लगाए सुर

सिद्धार्थ मल्होत्रा, राशि खन्ना और दिशा पाटनी जैसे सितारों से सजी फिल्म योद्धा को 15 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था।यह फिल्म शुरुआत से बॉक्स ऑफिस पर ठीक–ठाक कमाई कर रही है।अब इस बीच निर्माताओं ने योद्धा का नया गाना किस्मत



बादल दी जारी कर दिया है, जिसे बी प्राक ने अपनी आवाज दी है। इस दौरान एमी विर्क ने उनका खूब साथ दिया।इस गाने के बोल जानी ने लिखे हैं। योद्धा का निर्देशन सागर आंब्रे और पुष्कर ओझा ने किया है। करण जौहर इस फिल्म के निर्माता हैं। यह फिल्म धर्मा प्रोडक्शंस की पहली एरियल एक्शन फ्रैंचाइजी है। रिपोर्ट्स के अनुसार, योद्धा सिनेमाघरों में कमाई करने के बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देगी।फिल्म का प्रीमियर मई की शुरुआत तक किया जा सकता है। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। योद्धा अब तक 23.25 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर चुकी हैं।

# दिव्या अग्रवाल ने अपने नवविवाहित जीवन के बारे में खुलकर बात की

रेस्तरां मालिक और जिनफ्लुएंसर अपूर्वा पडगांवकर से अपनी हाई–प्रोफाइल शादी के बाद अपनी पहली सार्वजनिक उपस्थिति के दौरान, बिग बॉस ओटीटी विजेता दिव्या अग्रवाल ने अपने नवविवाहित जीवन के बारे में खुलकर बात की।दिव्या और अपूर्वा ने पिछले महीने पारंपरिक मराठी शादी की थी। अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड से शादी करने पर खुशी जाहिर करते हुए दिव्या ने कहा, मेरी शादी का पहला महीना ही गुजर रहा है और यह बहुत अच्छा रहा। मैं अपनी शादीशुदा जिंदगी का आनंद ले रही हूं। यह या तो ताजा लगता है या ऐसा लगता है जैसे हमारी शादी को कई साल हो गए हैं! इस बारे में बात करते हुए कि अपूर्वा और वह एक–दूसरे की कंपनी को कितना पसंद करते हैं, दिव्या ने कहा,



हम हर चीज और किसी भी चीज के बारे में बात करते हैं। इसके बारे में सोचें, हम बहुत ज्यादा बात करते हैं, मेरा मतलब है कि कभी–कभी, मैं दोस्तों, परिवार और साथियों से छुट्टी लेना चाहती हूं। –कार्यकर्ता, लेकिन अपूर्वा और मैं दो ऐसे लोग हैं जिन्हें एक–दूसरे से छुट्टी की जरूरत नहीं है। यह बताते हुए कि उन्हें एक साथ बांधने वाली बात क्या है, उन्होंने कहा, हम दोनों अलग हैं, लेकिन एक चीज जो हम दोनों में समान है वह यह है कि हम लोगों से प्यार करते हैं। मनोरंजन उद्योग में दिव्या का सफर उल्लेखनीय रहा है। वह एमटीवी स्प्लिट्सविला 10 की उपविजेता और ऐस ऑफ स्पेस 1 की विजेता थीं। उन्होंने हॉरर वेब सीरीज रागिनी एमएमएसरू रिटर्न्स 2 से अभिनय की शुरुआत की और एक्शन–ड्रामा वेब सीरीज कार्टेल में ग्रिसी नाम का किरदार निभाया।

# गोल्डन ड्रेस में प्रग्या जैसवाल ने बिखेरे हुस्न के जलवे

प्रज्ञा जैसवाल का लेटेस्ट फोटोशूट वायरल कांचे ब्यूटी प्रज्ञा जैसवाल अपनी खूबसूरती से मंत्रमुग्ध कर रही हैं। लेटेस्ट तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करने से फैंस के बीच गर्मी बढ़ जाएगी।कांचे ब्यूटी प्रज्ञा जयसवाल को उनकी खूबसूरती के बावजूद मौके नहीं मिल रहे हैं। हाल ही में इस हसीना ने एक बार फिर हॉट बम फोड़ा है. इंस्टाग्राम पर शेयर की गई इन तस्वीरों में प्रज्ञा गोल्डन ड्रेस में नजर आ रही हैं। इस महिला की खूबसूरती पर लोग फिदा हैं। प्रज्ञा जायसवाल इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म खेल खेल में को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इस फिल्म में प्रज्ञा अक्षय के साथ आने वाली हैं।प्रज्ञा अपनी इस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित दिखाई दे रही हैं। प्रज्ञा ने अपने लुक को पूरा करने के लिए खुला रखा हैं, सोशल मीडिया पर उनकी नई तस्तीरें काफी वायरल हो रही हैं। प्रज्ञा दिन–ब–दिन ग्लैमर का डोज बढ़ाती जाती है। इसके तहत वह हॉट फोटोशूट कराकर लोगों को आकर्षित करती हैं। ये हसीना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है. अगर वह कोई पोस्ट डालती हैं तो वह सेकेंडों में वायरल हो जाता है. प्रज्ञा पन्ना हरे रंग की बालियां जैसे सहायक उपकरण चुनकर निर्दोष समन्वय का प्रदर्शन करती है जो पीले गाउन के साथ मेल खाते हैं।गाउन का बैकलेस डिजाइन प्रज्ञा के लुक में परिष्कार और आकर्षण का स्पर्श जोड़ता है।गाउन का चमकीला पीला रंग प्रज्ञा की त्वचा के रंग से पूरी तरह मेल खाता है, जिससे उसकी प्राकृतिक सुंदरता और चमक बढ़ जाती है। प्रज्ञा का चमकदार मेकअप उसकी विशेषताओं को बढ़ाता है और उसके समग्र स्वरूप में एक ग्लैमरस स्पर्श जोड़ता है, बोल्ड लाल लिपस्टिक नाटकीयता और आकर्षण का संकेत देती है। अपने बालों को झरझरा लहरों में खुला छोड़ते हुए, प्रज्ञा सहजता से अपना चेहरा ढाँक लेती है।



# जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाली हैं कंगना रनावत फैशन डिजाइन को दिया दुल्हन का खूबसूरत लहंगा बनाने का आर्डर

कंगना रनौत बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों में से एक हैं जो अभी तक अविवाहित हैं। वर्षों से, लोग सोचते रहे हैं कि वह कब शादी के बंधन में बंधेगी। कुछ दिन पहले वह सांताक्रूज के एक सैलून के बाहर एक शख्स का हाथ थामे नजर आई थीं। कंगना रनौत बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों में से एक हैं जो अभी तक अविवाहित हैं। वर्षों से, लोग सोचते रहे हैं कि वह कब शादी के बंधन में बंधेगी।



कुछ दिन पहले वह सांताक्रूज के एक सैलून के बाहर एक शख्स का हाथ थामे नजर आई थीं। मीडिया को आश्चर्य होने लगा कि क्या उन्हें अपने जीवन में कोई विशेष व्यक्ति मिला है। कुछ लोगों ने यह भी अनुमान लगाया था कि क्या वह उद्यमी निशांत पिट्टी के साथ शादी के बंधन में बंध रही हैं। लेकिन वह शादीशुदा है। अब एक बार फिर से कंगना रनौत की शादी की अफवाहें जोरों पर हैं। कंगना रनौत अपनी शादी का जोड़ा बनवा रही हैं अब रेडिट पर एक रिपोर्ट आई है कि कंगना रनौत जाहिर तौर पर अपनी शादी का जोड़ा बनवा रही हैं। यह भारतीय फैशन बिरादरी के शीर्ष लेकिन कम महत्वपूर्ण डिजाइनरों में से एक है।

# डीएम ने स्कूली बच्चों संग किया संवाद

## बच्चों को माता-पिता, चाचा-चाची को मतदान कराने के लिए किया प्रेरित



ब्यूरो अंकित वर्मा

देवरिया। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र रामपुर कारखाना स्थित विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी आज अपराह्न सर्वप्रथम अशोक इंटरमीडिएट कॉलेज डुमरी रामपुर कारखाना पहुंचे उक्त मतदान केंद्र पर तीन बूथ बनाए गए हैं बूथ नंबर 17 पर 1067 मतदाता, बूथ नंबर 18 में 1252 तथा बूथ नंबर 19 पर 1094 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिलाधिकारी ने उक्त बूथ पर पेयजल, चार्जिंग पॉइंट, पंखा प्रकाश व्यवस्था, रैंप, शौचालय, यूरिनल सुविधा इत्यादि के संबन्ध में जानकारी प्राप्त की। पुलिस अधीक्षक ने क्रिटिकल के रूप में चिन्हित इस मतदान केंद्र पर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गत चुनावों के आलोक में सभी अराजक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मतदान को भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराया जाएगा। इसके पश्चात जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मतदान केंद्र प्राइमरी स्कूल सिरसिया नंबर एक का निरीक्षण किया। उक्त केंद्र पर तीन बूथ बनाए गए हैं। यहां जिलाधिकारी ने छात्रों के साथ संवाद भी किया और सभी बच्चों को आगामी एक जून को होने वाले मतदान में अपने माता-पिता, चाचा-चाची, दादा-दादी सहित घर के सभी मतदाताओं को मतदान कराने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को लोकतंत्र और मताधिकार का महत्व भी बताया। विद्यालय की प्रधानाचार्या स्मिता श्रीवास्तव ने डीएम को बूथ एवं आवश्यक सुविधाओं के संबन्ध में जानकारी दी। डीएम ने जनता इंटर कॉलेज, रामपुर कारखाना का जायजा लिया। उक्त मतदान केंद्र पर 6 बूथ बनाये गए हैं और लगभग सात हजार लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदाताओं की संख्या को देखते हुए विशेष एहतियात बरतने का निर्देश दिया। डीएम ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जनपद से बाहर रह रहे परदेसी मतदाताओं को बुलाने के लिए ग्राम प्रधान को प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि सर्वाधिक मतदान प्रतिशत वाले ग्रामों के प्रधानों को सम्मानित किया जाएगा। मतदान केन्द्र हिरन्दापुर में रैंप से संबंधित खामियां मिली, जिस पर डीएम ने नाराजगी जतायी और एक सप्ताह के भीतर मरम्मत कराने का निर्देश दिया। इस दौरान एएसडीएम अंगद यादव सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

# 29 व 31 मार्च 2024 को खुले रहेंगे निबंधन कार्यालय

ब्यूरो अंकित वर्मा

देवरिया। शुक्रवार को सहायक महानिरीक्षक निबन्धन देवरिया पंकज कुमार सिंह ने महानिरीक्षक निबन्धन, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में बताया है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 के समापन में अब मात्र 09 दिन अवशेष है। माह मार्च, 2024 में 29 व 31 मार्च 2024 को सार्वजनिक अवकाश दिन क्रमशः शुक्रवार व रविवार को भी जनपद के समस्त उप निबन्धक कार्यालय सामान्य कार्य दिवसों की भांति खोले जायेंगे और रजिस्ट्री का कार्य सामान्य कार्य दिवसों की भांति होगा। अधिक से अधिक संख्या में लम्बित विलेखों का पंजीयन कराया जाये, जिससे जनहित सहित राजस्व वृद्धि भी हो सके। अपरिहार्य परिस्थितियों को छोड़कर उक्त दिवस में निबन्धन कार्यालय के किसी भी अधिकारी/कर्मचारी को अवकाश अनुमन्य नही होगा।

# 25 मार्च को पूर्णतः बन्द रहेगी आबकारी की दुकाने–डीएम

ब्यूरो अंकित वर्मा

देवरिया। शुक्रवार को जिला मजिस्ट्रेट लाइसेंस प्राधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह ने होली के पर्व पर लोक शान्ति बनाये रखने के उद्देश्य से निर्देशित किया है कि 25 मार्च को जनपद देवरिया स्थित समस्त देशी शराब विदेशी मदिरा बीयर मॉडलशॉपइ ताड़ी भांग डिनेंचर्ड स्प्रिट की फुटकर दुकानों के साथ–साथ समस्त एफ. एल–7 रेस्टोरेन्ट बार/ एफ.एल.–6 होटल बार समस्त थोक विक्रय अनुज्ञापन एवं मदिरा निर्माण इकाई को पूर्णतः बन्द रखी जायेगी। इस बन्दी के लिए अनुज्ञापन धारकों को कोई प्रतिफल देय नहीं होगा। उन्होंने इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराए जाने को कहा है।

# होली का त्यौहार सकुशल शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये जाने हेतु तत्काल प्रभाव से 49 कार्यकारी मजिस्ट्रेट तथा 10 आरक्षित मजिस्ट्रेट किये गए तैनात



ब्यूरो अंकित वर्मा

देवरिया। जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह ने बताया है कि इस वर्ष होलिका दहन 24/25 मार्च को एवं होली का पर्व 25/26 मार्च को मनाया जाना है। इस त्योहार के अवसर पर ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है कि त्योहार के कार्यक्रम के अवसर पर लोगो में किसी प्रकार के टकराव की स्थिति उत्पन्न न हो तथा त्योहार आपसी सध्द्भाव एवं शान्ति पूर्ण वातावरण में मैत्रीपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो सके। कुछ लोग इस त्योहार में रंग खेलना पसन्द नहीं करते है। इससे परस्पर विवाद की सम्भावना बनी रहती है। होली के त्योहार में कुशल, साम्प्रदायिक सौहार्द तथा सामाजिक समरसता के वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए यह आवश्यक है कि होलिका दहन स्थल से सम्बन्धित कोई विवाद हो तो उसका पहले से समाधान कर लिया जाय। विशेष रूप में ऐसे क्षेत्रों में जहाँ पर मिश्रित आबादी है अथवा दूसरे सम्प्रदायों के धार्मिक स्थल हैं। जनपद में कुल 23 थाना क्षेत्र है दो नगर पालिकाये तथा 15 नगर पंचायते हैं। नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) की अधिसूचना/ कियान्वयन लोक सभा सामान्य निर्वाचन, 2024 के दृष्टिगत भी इस त्योहार पर सावधानी एवं सतर्कता आवश्यक है। इन तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए इस त्योहार के अवसर पर अन्य त्योहारों की अपेक्षा और अधिक सतर्कता की आवश्यकता है।होलिका दहन एवं होली के परिप्रेक्ष्य में कारक ऐसे है जिनसे विषम परिस्थितियों उत्पन्न होती है।होलिका दहन के स्थान को बदलना। समय से पहले होलिका दहन कर देना। अनिच्छुक व्यक्तियों पर रंग डालना। मादक पदार्थ/शराब पीकर व्यक्ति विशेषकर महिलाओं के साथ अनुचित/अभद्र व्यवहार करना। आपत्तिजनक वस्तुओं का त्योहार के दौरान प्रयोग करना। कभी–कभी समूह/व्यक्ति विशेष द्वारा त्यौहार की आड़ में रंजिश या बदलें की भावना से मार–पीट करना। सम्पूर्ण जनपद में होली का त्यौहार सकुशल शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये जाने हेतु तत्काल प्रभाव से 49 कार्यकारी मजिस्ट्रेट तथा 10आरक्षित मजिस्ट्रेट तैनात किये गए है। ड्यूटी पर तैनात मजिस्ट्रेट होलिका दहन से पूर्व होलिका दहन स्थल का भ्रमण करेगे तथा सम्बन्धित व्यक्तियों से वार्ता करके शान्तिपूर्ण महौल में होलिका दहन सुनिश्चित कराएंगे। होलिका दहन सकुशल सम्पन्न कराने के पश्चात् सूचना पुलिस कन्ट्रोल रूम तथा सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट को देगे। इसके उपरान्त 25/26 मार्च को सम्बन्धित मजिस्ट्रेट अपने डयूटी स्थल पर प्रातः 06 तक पहुँचकर सम्बन्धित सुरक्षा कर्मियों के साथ लगातार भ्रमणशील रहकर शांन्ति व्यवस्था सुनिश्चित करायेगें और होली का त्यौहार सकुशल सम्पन्न होने की सूचना देने के उपरान्त सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट की अनुमति प्राप्त कर ही डयूटी स्थल छोड़ेंगे। समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट अपने–अपने तहसील क्षेत्र में होलिका दहन/होली का त्यौहार सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पूर्णतया उत्तरदायी होगें और समस्त मजिस्ट्रेट गण के कार्यों का पर्यवेक्षण करते रहेगे। इसके अतिरिक्त 10 अधिकारीगण की तैनाती आरक्षित मजिस्ट्रेट के रूप में की गई है जो 24 से 25 मार्च तक जनपद मुख्यालय पर उपस्थित रहेगें एवं आवश्यकतानुसार तैनाती किये जाने की स्थिति में संबंधित स्थल पर शांति एवं कानून व्यवस्था सुनिश्चित करायेगें।

# शारीरिक एवं मानसिक विकारों का मुख्य कारण मादक द्रव्यों का सेवन– प्रो. शंखवार

प्रयागराज(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के समाज विज्ञान विद्याशाखा के तत्वावधान में नार्को कोऑर्डिनेशन (मादक पदार्थ) से संबंधित विषय में जनमानस में जागरूकता लाने हेतु नशा मुक्ति पर युवाओं में बढ़ती मादक द्रव्य व्यसन की प्रवृत्तिः समस्याएं एवं समाधान विषय पर एक दिवसीय ऑनलाइन राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन शुक्रवार को आयोजित किया गया। वेबिनार के मुख्य वक्ता प्रोफेसर एस. एन शंखवार, निदेशक, चिकित्सा विज्ञान संस्थान आइ.एम.एस. काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी ने कहा कि आज युवाओं में मादक द्रव्यों के सेवन की प्रवृत्ति में दिन प्रतिदिन बढ़ोतरी हो रही है। इसके विभिन्न कारणों पर उन्होंने अत्यंत सरल सहज तथा सारगर्भित तरीके से बताया कि कैसे लोग नशे के आदी हो रहे हैं तथा वह कैसे लोगों के शारीरिक मानसिक स्तर को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने इसके बचाव के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज युवाओं में मादक द्रव्यों की लत एक गंभीर तथा संवेदनशील समस्या है, जिससे युवाओं में अनेक प्रकार की बीमारियां फैल रही है। उन्होंने कहा कि हम सभी का यह परम कर्तव्य है कि विशेष रूप से शैक्षणिक संस्थाओं में नशा मुक्ति के लिए जागरूकता लायी जाय और युवाओं को इन बुराइयों से बचाने के लिए स्वस्थ समाज विकसित किया जाए। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा इसके सेवन से विभिन्न प्रकार के शारीरिक एवं मानसिक विकारों से ग्रसित हो रहा है।अध्यक्षीय उद्बोधन में विश्वविद्यालय के कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने कहा कि आज युवाओं में मादक द्रव्यों के सेवन की प्रवृत्ति में इजाफा हुआ है जो की बहुत चिंताजनक है।/ उन्होंने इसके विभिन्न कारणों पर प्रकाश डाला। उन्होंने इसके सामाजिक तथा मनोवैज्ञानिक कारणों को रेखांकित किया। उन्होंने अंत में कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि युवाओं में बढ़ते नशे के प्रयोग और प्रभावों के प्रति जागरूक एवं सचेत करने की आवश्यकता है। प्रारम्भ में समाज विज्ञान विद्याशाखा के निदेशक एवं कार्यक्रम निदेशक प्रोफेसर एस कुमार ने विशिष्टजनों का वाचिक स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन आयोजन सचिव डॉ0 मनोज कुमार ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन समाज विज्ञान विद्याशाखा के प्रोफेसर संजय कुमार सिंह ने किया। वेबिनार की सफलता पर कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने आयोजक मंडल को साधुवाद दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के समस्त निदेशक, प्रभारी निदेशक, शिक्षक, क्षेत्रीय केन्द्रों के समन्वयक, परामर्शदाता, शोध छात्र आदि ने प्रतिभाग किया।

# डरी हुई भाजपा कांग्रेस का खाता फ्रिज कर उसे चुनाव से रोकना चाहती है

प्रयागराज।(आरएनएस)कांग्रेस पार्टी ने उसके सभी खातों को फ्रिज करने को नरेंद्र मोदी सरकार के डर की परिणति बताया है। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन ने कहा कि इसके खिलाफ पार्टी पूरे देश मे अभियान चलाएगी। उन्होंने इलेक्टोरल बांड को आजाद भारत का सबसे बड़ा घोटाला बताते हुए कहा कि इसे धमकी दो चंदा लो और चंदा दो, धंधा लो के उद्देश्य से मोदी सरकार लायी थी। उन्होंने इसे डर – भय दिखा कर कंपनियों से वसूली का जरिया बताते हुए कहा कि इसका दूसरा तरीका कंपनियों को काम देने के एवज में घुस के रूप में सामने आया है।

कांग्रेस अध्यक्ष में कहा कि कांग्रेस के खातों को सीज करने के पीछे सालों पुराने एक मामले को आधार बनाया गया है। जब कोई राजनैतिक पार्टी इनकमटैक्स के दायरे में नहीं आती तो इस आधार पर कांग्रेस की खातों को रोकना और कुछ नहीं नरेंद्र मोदी की हताशा है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार नहीं चाहती कि कांग्रेस उसके सामने डट कर चुनाव लड़े इसलिए उसे आर्थिक रूप से पंगु करने और चुनाव प्रचार नहीं करने देने की उसकी ओछी सोच का परिचायक है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र की खुलेआम हत्या कर रही मोदी सरकार इन कारगुजारियों को देश की जनता बखूबी समझ रही है और चुनाव में इसका उन्हें जवाब जरूर दिया जाएगा।

ज्ञात हो कि इनकम टैक्स विभाग ने 2017–18 में पार्टी द्वारा प्रस्तुत रिटर्न एक महीने देर से दाखिल करने के बहाने से कांग्रेस का खाता सीज किया है जिसमे 199.25 करोड़ रुपये सांसदों के एक माह के वेतन का डोनेशन है जिसकी निकासी पर रोक लगा दी गयी है। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा ने लूट के जरिये इन दस सालों में हजारों – हजार करोड़ रुपये की धनउगाही की है जबकि 70 साल से सत्ता में रही कांग्रेस की ईमानदार आर्थिक स्रोतों को रोक कर उसे चुनाव लड़ने से वंचित करने पर आमादा है। पार्टी अध्यक्ष ने कहा कि जनता को तय करना होगा कौन भ्रष्ट है। जिसने मात्र 10 साल की सत्ता में फाइव स्टार कार्यालय बना डाले वो या जिसने 70 साल में ईमानदारी से देश की अपने किराए के कार्यालयों से देश की सेवा की है वो जवाब जनता स्वयं देगी।

# राष्ट्रीय चित्रकार शिविर रामोत्सव का भव्य समापन

## देश के 51 राष्ट्रीय कलाकार हुए सम्मानित

प्रयागराज(आरएनएस)। संस्कार भारती उत्तर प्रदेश एवं राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में 'सात दिवसीय राष्ट्रीय चित्रकार शिविर– रामोत्सव', दिनांक 16 से 22 मार्च तक आयोजित किया गया। जिसका समापन समारोह आज सम्पन्न हुआ।आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि संजीव किशोर गौतम, महानिदेशक, राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय, नयी दिल्ली तथा विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर अभय कुमार सिंह, प्राचार्य, का. सु. साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अयोध्या, उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आरंभ श्रीराम जी तथा स्व. बाबा योगेन्द्र के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलंकर किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में गिरीश चंद ने मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि का अभिनंदन किया और कार्यक्रम के परिकल्पना में संयोजक श्री अमित के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि श्री गौतम ने कहा कि मेरा सत्कर्म कलाकारों के साथ बना रहे। एक बड़ा कार्य कलाकारों के प्रति करने की जिम्मेदारी का जो अवसर मिला है वह श्रीराम जी की कृपा से है। विशिष्ट अतिथि प्रो. सिंह ने संबोधित करते हुए कहा की हर व्यक्ति में एक प्रतिभा होती है आवश्यकता है उसे निखारने की।हर कलाकार की कलाकृति अत्यधिक भावपूर्ण है। उन्होंने सभी कलाकारों को महाविद्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय चित्रकला प्रदर्शनी में आमंत्रित किया।राष्ट्रीय चित्रकला शिविर रामोत्सव के उपलक्ष्य में रामायण विषय पर आधारित प्रत्येक कलाकार को इस शिविर में दो –दो पेंटिंग सृजित करना था कल 102 कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई गई अब सही है।ये चित्र कृतियां राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश के संकलन में रहेंगी। कार्यक्रम समन्वयक अमित कुमार ने बताया कि सभी कलाकारों ने अयोध्या के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण किया और इनका प्रभाव भी उनके चित्रों में झलक रहा है। कलाकारों ने तन्मयतापूर्वक श्री राम कथा के विभिन्न आयामों को चित्रित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के द्वारा सभी कलाकारों को स्मृति चिन्ह तथा सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम समन्वयक अमित कुमार के द्वारा किया गया।

# 105 दिन में 3952 किलो मीटर की यात्रा कर वश्वटर वुमन शिप्रा पाठक पहुँची प्रयागराज

प्रयागराज(आरएनएस)। वाटर वूमन शिप्रा पाठक ने 105 दिनों में अयोध्या से रामेश्वरम तक राम जानकी वन गमन पद यात्रा कर इतिहास बना दिया है। अपनी पद यात्रा पूर्ण करने के उपरांत आज शिप्रा ने प्रयागराज पहुंच बड़े हनुमान जी का आशीर्वाद लिया एवम यहां प्रारंभ हो रहे अनुष्ठान में प्रथम आहुति डाली। इस अवसर पर शिप्रा ने बाघंबरी मठ के महामंडलेश्वर महंत बलवीर गिरि का आशीर्वाद लिया। महंत बलवीर गिरि ने कहा कि यह 3952 किमी की राम जानकी पद यात्रा बिना राम और हनुमान की इच्छा के संभव नहीं है। उन्होंने कहा श्री राम अपने कार्य करने का अवसर हर किसी को नहीं देते। उन्होंने कहा यह शिप्रा पाठक के पूर्व जन्म के सिंचित कार्य हैं जो उन्हे इतनी पवित्र और पावन पद यात्रा कर राम जानकी ने भारत के विभिन्न तीर्थों का दर्शन करा दिया।

अंतर्राष्ट्रीय जल दिवस पर शिप्रा ने सर्वप्रथम त्रिवेणी दर्शन कर बड़े हनुमान जी का आशीर्वाद लिया। सभी से उन्होंने जल की हर बूँद को संरक्षित करने का निवेदन किया। आपको बताते चलें देश में वाटर वूमन के नाम से विख्यात शिप्रा पाठक ने 27 नवंबर को अयोध्या से अपनी राम जानकी पद यात्रा की शुरुआत की थी जिसका समापन 11 मार्च को रामेश्वरम में हुआ। इस दौरान शिप्रा ने उत्तर प्रदेश,मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, कर्नाटक तमिलनाडु राज्य के जंगलों को पार किया एवम राम जानकी के पद चिन्ह के दर्शन किए। शिप्रा पाठक ने इस दौरान राम जानकी वन गमन मार्ग में पड़ने वाली दर्जनों मुख्य नदियों के जल को एकत्र कर रामेश्वरम भगवान पर जलाभिषेक किया। शिप्रा पाठक ने इस पद यात्रा के माध्यम से भारत के विभिन्न राज्यों में अध्यात्म जागरण से पर्यावरण जागरण भी किया है।

# दा रमजान मेला में उमड़ रही है भारी भीड़

प्रयागराज।(आरएनएस) इस रमजान और ईद के मौके पर फिट लाइफ जिम एवरीवन गैलरी "दा रमजान मेला" के छठे संस्करण में भारी भीड़ बढ़ रही है जिसकी शुरुआत हो रही है ,20 मार्च से हो चुकी है और यह मेला 24 मार्च तक शगुन मैरिज हॉल नुरुल्ला रोड करेली में चलेगा। यह मेला जिला महिला व्यापार मंडल के साथ संबद्ध है जिसका उद्घाटन जिला महिला व्यापार मण्डल की अध्यक्ष श्रीमती अवंतिका टण्डन के द्वारा हुआ। जहाँ पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला महिला व्यापार मंडल की महामंत्री श्रीमती पल्लवी अरोरा एवं अन्य अतिथि रेहाना खान , नायला कामरान, शीजा , शमीना, फैजा एवं डॉ गजाला साथ अन्य अतिथि उपस्थित थे। इस रमजान मेले का उद्देश्य उन महिलाओं को अवसर प्रदान करना है , जिनके पास घर से काम करने का हुनर तो होता है, लेकिन किसी भी प्रकार का सहयोग नही। स रमजान मेले का मुख्य आकर्षण का केंद्र अफगानिस्तान के स्पेशल ड्राई फ्रूट्स है।

# थाने के अंदर शिक्षक ने खाया जहर

## पुलिसकर्मियों के फूले हाथ-पांव, एसआरएन में कराया भर्ती, हालत गंभीर

प्रयागराज(आरएनएस)। दरोगा की धमकी, लेखपाल और कानूनगो के दबाव के बाद इन्साफ न मिलने से परेशान एक शिक्षक ने थाने पहुंचकर जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिसके बाद थाने में तैनात पुलिसकर्मियों के हांथ पांव फूल गये। घटना के बाद तत्काल शिक्षक को स्वरूप रानी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हैं।

बताया जा रहा है कि पीड़ित शिक्षक अपनी समस्या को लेकर लगातार थाने पर जा रहा था। जहां दरोगा उसे बार–बार धमकी दे रहे थे। जिससे परेशान होकर उसने यह कदम उठाया है। जानकारी के मुताबिक कर्नलगंज के छोटा बघाड़ा निवासी सुनील सिंह पेशे से शिक्षक है। उनका कहना है कि वह मकान में लगे गेट को चौड़ा करना चाहते थे लेकिन उनका पड़ोसी इसका विरोध कर रहा था और छोटा बागड़ा के चौकी इंचार्ज, लेखपाल और कानूनगो की मिली भगत से काम नहीं होने दे रहा था। इसकी शिकायत उन्होंने कर्नलगंज थाने के थाना प्रभारी से मिलकर शिकायत भी की थी। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। सुनील सिंह का आरोप है की छोटा बागड़ा के चौकी इंचार्ज विनीत यादव उसे बार–बार फोन करके परेशान कर रहे हैं। मामले में दबाव बना रहे हैं। उसे चौकी बुलाते हैं और न जाने पर जेल भेजने की धमकी भी देते हैं।

उधर शिक्षक की सुनवाई न होने के से शिक्षक साथियों में भी काफी आक्रोश व्याप्त है। इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से भी की गई है। हालांकि इस समय वह अस्पताल में भर्ती हैं। सुनील सिंह की पत्नी शिवानी ने बताया कि इस मामले की शिकायत योगी आदित्यनाथ से भी की गई थी।

# भारत के जर्रें जर्रें में आज भी भगत सिंह का इंकलाब गूंजता है- राजेश केसरवानी

प्रयागराज(आरएनएस)। अमर क्रांतिकारी श्रद्धांजलि ग्रुप के द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पार्क मुट्ठीगंज में 93 वीं शहीदी दिवस के पूर्व संध्या पर मां भारती के लाल क्रांतिकारी सरदार भगत सिंह सुखदेव राजगुरु जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर श्रद्धांजलि ग्रुप के अध्यक्ष राजेश केसरवानी ने शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि सरदार भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु जी का पूरा जीवन मां भारती की स्वतंत्रता के लिए समर्पित रहा और उनका बलिदान स्वतंत्र भारत आंदोलन का आगाज बना। जिसका अंजाम भारत अंग्रेजी शासन से मुक्त हुआ। उन्होंने आगे कहा कि आज भी भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु के बलिदान के जैसा नजारा कोई दूसरा नहीं। भारत आज भी उनके क्रांति का दीपक ढूंढता है, उन्हें मार कर भी नहीं मार सकी अंग्रेजी हुकूमत क्योंकि भारत के जर्रें जर्रें में आज भी भगत सिंह का इंकलाब गूंजता है।

कार्यक्रम के संयोजक अभिलाष केसरवानी रहे। संचालन शत्रुघ्न जायसवाल ने किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में सरदार पतविंदर सिंह,कमलेश केशरवानी, नीरज केसरवानी, मोहम्मद जुबेर, शत्रुघ्न जायसवाल, किशन चंद्र जायसवाल, सुशील जैन, कृष्ण गोपाल एवं क्षेत्र के सैकड़ो लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।